This booklet contains **64** printed pages.
इस पुस्तिका में **64** मुद्रित पृष्ठ हैं ।

# AAT-20-II

**PAPER II / प्रश्न-पत्र II**

**MAIN TEST BOOKLET / मुख्य परीक्षा पुस्तिका**

**Test Booklet No.**
**परीक्षा पुस्तिका संख्या**

**Test Booklet Code**
**परीक्षा पुस्तिका संकेत**

# M

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **M.** Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :
   - Part-I : Child Development and Pedagogy (Q. Nos. 1-30)
   - Part-II : Mathematics and Science (Q. Nos. 31-90)
   - Part-III : Social Studies / Social Science (Q. Nos. 31-90)
   - Part-IV : Language-I (English/Hindi) (Q. Nos. 91-120)
   - Part-V : Language-II (English/Hindi) (Q. Nos. 121-150)
6. Candidates have to do questions 31 to 90 **EITHER** from Part-II (Mathematics and Science) **OR** from Part III (Social Studies/Social Science) as filled by the candidates in their online application form.
7. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement Test Booklet of M Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
11. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/answers, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत M** है । यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :
   - भाग-I : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र (प्रश्न सं. 1-30)
   - भाग-II : गणित व विज्ञान (प्रश्न सं. 31-90)
   - भाग-III : सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान (प्रश्न सं. 31-90)
   - भाग-IV : भाषा-I (अंग्रेज़ी / हिन्दी) (प्रश्न सं. 91-120)
   - भाग-V : भाषा-II (अंग्रेज़ी / हिन्दी) (प्रश्न सं. 121-150)
6. परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 **या** तो भाग-II (गणित व विज्ञान) **या** भाग-III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं । जैसा कि परीक्षार्थी ने अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरा हैं ।
7. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं तो कृपया M कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए । भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है ।**
8. **परीक्षार्थी भाषा-II (भाग-V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा-I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
9. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।
11. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जायेगा ।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ______________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ______________________
: in words (शब्दों में) ______________________

Centre of Examination (in Capital Letters) : ______________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ______________ Invigilator's Signature : ______________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent ______________________

**M**

## PART – I / भाग – I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Directions :*** *Answer the following questions (Q. Nos.* ***1*** *to* ***30****) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**1. During the period of childhood, development –**

(1) is slow and cannot be measured.
(2) is multi-layered and complex.
(3) consists only of quantitative changes.
(4) is disorderly and disjointed.

**2. 'Zone of proximal development' is**

(1) the area between a child's current level of independent performance and the level of performance that the child could achieve with the help of adults and more skilled peers.
(2) a range of tasks that the child should be able to do as per her age but cannot.
(3) the process where two individuals who begin with different understandings arrive at a shared understanding.
(4) the process in which children learn to perform tasks as set by the elder members in a society.

**3. According to Jean Piaget, children in formal operational stage**

(1) are capable of hypothetico-deductive reasoning and propositional thought.
(2) are bound by centration and irreversibly of thought.
(3) cannot conserve, classify and seriate.
(4) begin to engage in make-believe and symbolic play.

**4. At which stage of Lawrence Kohlberg's theory of moral development do individuals believe that actively maintaining the current social system ensures positive human relationships and societal order ?**

(1) The punishment and obedience orientation
(2) The social-order maintaining orientation
(3) The instrumental purpose orientation
(4) The universal ethical principle orientation

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या* ***1*** *से* ***30****) के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे*** *उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**1. बाल्यावस्था की अवधि में विकास –**

(1) धीमी गति से होता है एवं उसे मापा नहीं जा सकता ।
(2) बहुस्तरीय और मिश्रित होता है ।
(3) में केवल परिमाणात्मक परिवर्तन होते हैं ।
(4) अनियमित और असंबद्ध होता है ।

**2. 'निकटस्थ विकास का क्षेत्र' क्या है ?**

(1) बच्चों के वर्तमान स्तर पर स्वतंत्र प्रदर्शन और वयस्क व अधिक कौशल वाले समकक्षियों की सहायता से बच्चे द्वारा उपार्जित किए जाने वाले प्रदर्शन के मध्य का क्षेत्र है ।
(2) विभिन्न प्रकार के कार्य जो कि अपनी आयु के अनुसार बच्चे को करने चाहिए परन्तु वह नहीं कर सकती है ।
(3) वह प्रक्रिया जिसमें शुरू में विभिन्न समझ वाले दो व्यक्ति समान समझ पर पहुँचते हैं ।
(4) वह प्रक्रिया जिसमें बच्चे, समाज के वयस्क सदस्यों द्वारा निर्धारित विधि से कार्य करते हैं ।

**3. जीन पियाजे के अनुसार बच्चे अमूर्त संक्रियात्मक अवस्था में –**

(1) परिकल्पित निगमनात्मक तर्क और प्रतिज्ञप्ति चिंतन करने में समर्थ हैं ।
(2) केंद्रीकरण और अनुत्क्रमणीय सोच से आबद्ध हैं ।
(3) संरक्षण, वर्गीकरण व श्रेणीबद्धता करने में सक्षम नहीं हैं ।
(4) प्रतीकात्मक और सांकेतिक खेलों में भाग लेना प्रारंभ करते हैं ।

**4. लॉरेंस कोलबर्ग की नैतिक विकास के सिद्धांत के अनुसार व्यक्ति किस अवस्था में है जब वह विश्वास करता है कि वर्तमान सामाजिक प्रणाली को सक्रियतापूर्वक बनाए रखने से धनात्मक मानवीय संबंध और सामाजिक वर्ग सुरक्षित रहता है ?**

(1) दंड और आज्ञापालन अभिविन्यास
(2) सामाजिक-क्रम व्यवस्था अभिविन्यास
(3) यंत्रीय उद्देश्य अभिविन्यास
(4) सार्वभौमिक नैतिक सिद्धांत अभिविन्यास

5. **Which of the following is a correctly matched pair of type of intelligence and end-state performance possibilities as per Howard Gardner's theory of multiple intelligences ?**

| | Types of Intelligence | | End-state performance possibility |
|---|---|---|---|
| (1) | Spatial | – | Therapist |
| (2) | Intra-personal | – | Salesperson |
| (3) | Linguistic | – | Sculptor |
| (4) | Bodily-kinesthetic | – | Athlete |

6. **According to Lev Vygotsky –**
   (1) language plays an important role in cognitive development of children.
   (2) children learn language through a 'language acquisition device'.
   (3) children's cognitive development occurs in stages.
   (4) maturation of schemas leads to cognitive development in children.

7. **In a progressive classroom, assessment of learners during the process of teaching-learning –**
   (1) is not at all helpful in children's learning.
   (2) creates a hindrance in the process of children's learning.
   (3) is helpful in identifying 'high', 'low' and 'non' achievers for the purposes of giving feedback to the parents.
   (4) is very important since it gives insights into children's understanding and helps the teacher to reflects on her pedagogy.

5. **हॉवर्ड गार्डनर के बहु–बुद्धि सिद्धांत के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा जोड़ा बुद्धि के प्रकार और अंत–स्थिति अनुपालन संभावना के अनुसार सही है ?**

| | बुद्धि का प्रकार | | अंत–स्थिति अनुपालन संभावना |
|---|---|---|---|
| (1) | स्थानिक | – | मनोवैज्ञानिक |
| (2) | अंतरावैयक्तिक | – | विक्रेता |
| (3) | भाषिक | – | मूर्तिकार |
| (4) | शारीरिक गति–संवेदनता | – | खिलाड़ी |

6. **लेव वायगोत्स्की के अनुसार –**
   (1) बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में भाषा की एक महत्त्वपूर्ण भूमिका है ।
   (2) बच्चे 'भाषा अधिग्रहण यंत्र' द्वारा भाषा सीखते हैं ।
   (3) बच्चों का संज्ञानात्मक विकास चरणों में होता है ।
   (4) स्कीमा के परिपक्वन से बच्चों में संज्ञानात्मक विकास अग्रसर होता है ।

7. **एक प्रगतिशील कक्षा में शिक्षण – अधिगम प्रक्रिया के दौरान अधिगमकर्ताओं का मूल्यांकन –**
   (1) बच्चों के अधिगम में सहायक नहीं है ।
   (2) बच्चों की अधिगम प्रक्रिया में रुकावट उत्पन्न करता है ।
   (3) अभिभावकों को प्रतिपुष्टि देने के प्रयोजन से 'बेहद सफल', 'कम सफल' व 'असफल' विद्यार्थियों को पहचानने में सहायक होता है ।
   (4) बेहद महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यह बच्चों की समझ की जानकारी देता है और अध्यापिका को अपने शिक्षा–शास्त्र पर विचारने में सहायक होता है ।

**8. An effective classroom strategy to reduce gender stereotyping and broadening developmental possibilities for all sexes is**

(1) to ignore and dismiss biological differences among the sexes.

(2) to reinforce gender roles as portrayed in the society.

(3) forming same-sex ability groupings.

(4) forming mixed-sex activity groups and promote discussion.

**9. Multilingualism in a classroom needs to be understood as _________ by the teachers.**

(1) an asset and resource

(2) a hindrance

(3) a problem

(4) a systemic issue

**10. A child-centered classroom is one in which**

(1) the teacher uses the textbook as the only source of knowledge.

(2) the teacher segregates the children based on their abilities.

(3) the teacher uses rewards and punishments to direct children's behaviour.

(4) the teacher is flexible and caters to needs of individual children.

**11. According to which theorist 'cultural tools' play an important role in cognitive development of children ?**

(1) Lev Vygotsky

(2) Jean Piaget

(3) Albert Bandura

(4) B.F. Skinner

**8. कक्षा में सभी लिंगों में जेंडर रूढ़िवादिता कम करने और विकास के विस्तार की संभावनाओं को बढ़ाने के लिए प्रभावशाली पद्धति कौन सी है ?**

(1) लिंगों के जैविक अंतरों की उपेक्षा करना और उन्हें अस्वीकार करना ।

(2) समाज में चित्रित लिंग भूमिकाओं को प्रबल करना ।

(3) एक ही लिंग के योग्यता समूह बनाना ।

(4) क्रियाकलाप के लिए मिश्रित लिंग समूह बनाना और विचार–विमर्श को प्रोत्साहित करना ।

**9. अध्यापकों को कक्षा में बहुभाषीयता को _____ समझना चाहिए ।**

(1) एक गुण और साधन

(2) एक रुकावट

(3) एक समस्या

(4) एक व्यवस्थागत मुद्दा

**10. बाल–केंद्रित कक्षा वह है, जिसमें –**

(1) अध्यापक केवल पाठ्यपुस्तक को ज्ञान के स्रोत के लिए उपयोग करता है ।

(2) अध्यापक, बच्चों को उनकी क्षमता के आधार पर वर्गीकृत करता है ।

(3) बच्चों के व्यवहार को निदेशित करने के लिए अध्यापक पुरस्कार और दंड का प्रयोग करता है ।

(4) अध्यापक लचीला है और प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत आवश्यकताओं को पूरा करता है ।

**11. किस मनोवैज्ञानिक के अनुसार बच्चों के संज्ञानात्मक विकास में 'सांस्कृतिक उपकरण' एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं ?**

(1) लेव वायगोत्स्की

(2) जीन पियाजे

(3) अल्बर्ट बन्डुरा

(4) बी.एफ. स्किनर

**12. Which of the following is NOT a suitable learning material for students who are partially sighted ?**

(1) Large-print books

(2) Three dimensional maps and charts

(3) Talking books, felt bulletin boards

(4) Small-print worksheets

**13. The underlying belief behind 'inclusive education' is**

(1) segregation of children on the basis of their abilities and provisioning of vocational training accordingly.

(2) diagnostic labelling of children based on their handicaps for identification of their limitations.

(3) provisioning of special education institutions for children with different handicaps.

(4) the philosophy that all children have a right to get equal education in a regular school.

**14. Needs of gifted and creative children can be addressed by**

(1) giving challenging tasks and activities to prevent boredom.

(2) giving questions that require convergent thinking.

(3) providing specific instructions to solve problems.

(4) administrating memory based tests.

**15. Children with 'dyslexia' can be identified by**

(1) finding out their social and cultural context.

(2) a thorough physical health check-up.

(3) analyzing their reading and writing skills.

(4) assessing their ability to solve complex higher-order problems.

**12. आंशिक दृष्टि वाले विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित में से कौन सी अधिगम सामग्री उपयुक्त नहीं है ?**

(1) बड़े आकार में मुद्रित पुस्तकें

(2) त्रि-विमीय नक्शे और चार्ट

(3) बोलती पुस्तकें, स्पर्शीय सूचना पट

(4) छोटी मुद्रा वाली कार्यशीट

**13. 'समावेशी शिक्षा' के पीछे अंतर्हित विचार है –**

(1) बच्चों को उनकी योग्यता के आधार पर पृथक करना और व्यावसायिक प्रशिक्षण का प्रबंध करना ।

(2) बच्चों की अक्षमताओं के आधार पर, उनकी सीमाओं की पहचान करने के लिए, उन्हें नामांकित करना ।

(3) अलग-अलग अक्षमताओं वाले बच्चों के लिए विशिष्ट शैक्षिक संस्थानों का प्रावधान करना ।

(4) दार्शनिकता कि सभी बच्चों को नियमित विद्यालय में समान शिक्षा पाने का अधिकार है ।

**14. प्रतिभाशाली और सृजनात्मक बच्चों की आवश्यकताओं को किस प्रकार संबोधित किया जा सकता है ?**

(1) चुनौतीपूर्ण कार्य और नीरसता दूर करने के लिए क्रियाकलाप देकर ।

(2) वे प्रश्न देकर जिनमें अभिमुखी चिंतन की आवश्यकता है ।

(3) प्रश्न हल करने के लिए विशिष्ट निर्देश उपलब्ध कराकर ।

(4) रटने पर आधारित परीक्षा देकर ।

**15. पठनवैफल्य बच्चों की पहचान किस प्रकार की जा सकती है ?**

(1) उनके सामाजिक एवं सांस्कृतिक संदर्भ को जानकर ।

(2) पूर्ण शारीरिक स्वास्थ्य परीक्षण द्वारा ।

(3) उनके पढ़ने और लिखने की कौशलता के विश्लेषण से ।

(4) उनकी जटिल व उच्च-स्तरीय समस्याओं को हल करने की क्षमता का आकलन करके ।

**16. Which of the following is NOT an effective strategy to address learners from disadvantaged and deprived backgrounds ?**

(1) Talk to the learners to understand their needs and challenges faced by them.

(2) Asking the learners to enroll for tuition outside of school so that the teacher does not have to pay much attention to them.

(3) Motivate the students to set moderately challenging goals and provide appropriate instructional support.

(4) Form collaborative groups to work on activities and encourage students to support each other.

**17. Physical and emotional health of children _________ their learning.**

(1) does not have any influence on

(2) plays an important role in

(3) is not related to

(4) has an insignificant role in

**18. To promote meaningful learning in the classrooms, a teacher should –**

**(i) help students to regulate their own emotions and motivation.**

**(ii) categorize and label students according to their performance and make ability-grouping.**

**(iii) promote dialogue and discussion among children to build multiple perspectives.**

**(iv) ignore diversity in the classroom and follow standard methods of instruction.**

(1) (i), (iii)

(2) (ii), (iii)

(3) (i), (iii), (iv)

(4) (i), (ii), (iii), (iv)

**16. प्रतिकूल परिस्थितियों और वंचित पृष्ठभूमि वाले अधिगमकर्ताओं को संबोधित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी पद्धति प्रभावशाली नहीं है ?**

(1) अधिगमकर्ताओं से बातचीत करके उनकी आवश्यकताओं और उनके सम्मुख आई चुनौतियों को समझना ।

(2) अधिगमकर्ताओं को विद्यालय के बाहर ट्यूशन पढ़ने के लिए कहना, जिससे कि अध्यापक को उन पर अधिक ध्यान न देना पड़े ।

(3) विद्यार्थियों को संतुलित चुनौतीपूर्ण लक्ष्यों के लिए अभिप्रेरित करना और उपयुक्त शिक्षण सहायता उपलब्ध कराना ।

(4) कार्यकलापों के लिए सहयोगी समूह बनाना और विद्यार्थियों को एक दूसरे का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहित करना ।

**17. बच्चों के अधिगम में शारीरिक स्वास्थ्य और सांवेगिक अवस्था _____**

(1) का कोई प्रभाव नहीं होता है ।

(2) की एक महत्त्वपूर्ण भूमिका है ।

(3) का कोई आपसी संबंध नहीं है ।

(4) की भूमिका नगण्य है ।

**18. कक्षा में अर्थपूर्ण अधिगम को प्रोत्साहित करने के लिए अध्यापिका को _____**

**(i) विद्यार्थियों की सहायता करनी चाहिए कि वे अपने मनोभावों और अभिप्रेरणों को सुव्यवस्थित कर पायें ।**

**(ii) विद्यार्थियों को उनके प्रदर्शन के आधार पर वर्गीकृत और नामांकित करके उनके योग्यता–आधारित समूह बनाने चाहिए ।**

**(iii) विद्यार्थियों में संवाद और परिचर्चा को प्रोत्साहित करना चाहिए जिससे वे बहुपरिप्रेक्ष्य करने में सशक्त हों ।**

**(iv) कक्षा में विविधता की उपेक्षा करके शिक्षण की मानक विधि को अपनाना चाहिए ।**

(1) (i), (iii)

(2) (ii), (iii)

(3) (i), (iii), (iv)

(4) (i), (ii), (iii), (iv)

**19. Learning is a _________ and _________ process.**

(1) complex; active
(2) simple; linear
(3) simple; individual
(4) complex; passive

**20. A teacher should _________ the social, cultural, religious and linguistic diversity in her classroom to facilitate meaningful learning.**

(1) dismiss
(2) ignore
(3) understand
(4) neglect

**21. It is important to create _________ learning environment in the classroom rather than _________ one.**

(1) collaborative; competitive
(2) competitive; collaborative
(3) fearful; facilitative
(4) competitive; facilitative

**22. Which of the following is an example of effective motivational strategy to encourage students to learn ?**

(1) Providing scaffolding especially when students learn a new skill.
(2) Emphasis on completion of work rather than learning.
(3) Giving tasks that are very easy.
(4) Creating a lot of opportunities for competition.

**23. Which of the following statements about children's thinking is NOT correct ?**

(1) Children construct their own theories about various phenomenon around them.
(2) Children cannot think of concepts on their own and the primary role of teachers is to provide information.
(3) Children actively think about various phenomenon around them and have an urge to explore.
(4) Children are born with curiosity to learn about the world around them.

**19. अधिगम, एक _____ और _____ प्रक्रिया है ।**

(1) जटिल; सक्रिय
(2) सरल; रैखिक
(3) सरल; व्यक्तिगत
(4) जटिल; निष्क्रिय

**20. अपनी कक्षा में अर्थपूर्ण अधिगम को सुसाध्य बनाने के लिए अध्यापिका को अपनी कक्षा में सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, भाषीय विविधता को _____ चाहिए ।**

(1) टालना
(2) उपेक्षित करना
(3) समझना
(4) अनदेखा करना

**21. कक्षा में प्रभावशाली अधिगम के लिए _____ वातावरण की रचना करनी चाहिए बजाए _____ वातावरण के ।**

(1) सहयोगिक; प्रतिस्पर्द्धिक
(2) प्रतिस्पर्द्धिक; सहयोगिक
(3) भयावह; सुसाध्यक
(4) प्रतिस्पर्द्धिक; सुसाध्यक

**22. निम्नलिखित में से कौन सा उदाहरण विद्यार्थियों को अधिगम के लिए अभिप्रेरित करने के लिए प्रभावशाली पद्धति है ?**

(1) पाड़ उपलब्ध कराना विशेषकर जब विद्यार्थी कोई नया कौशल सीख रहे हों ।
(2) सीखने से ज्यादा कार्य पूर्ण करने पर बल देना ।
(3) वे कार्य देना जो कि बहुत सरल हों ।
(4) प्रतियोगिताओं के लिए बहुत से अवसर उत्पन्न कराना ।

**23. बच्चों के चिंतन के विषय में निम्नलिखित में कौन सा कथन सही नहीं है ?**

(1) बच्चे अपने आस-पास की विविध घटनाओं के बारे में स्वयं अपने सिद्धांतों की रचना करते हैं ।
(2) बच्चे प्रत्ययों को स्वयं नहीं सोच सकते और अध्यापक की मूल भूमिका उन्हें जानकारी उपलब्ध कराना है ।
(3) बच्चे अपने आस-पास की विविध घटनाओं के बारे में सक्रियतापूर्वक सोचते हैं और उनमें अन्वेषण (छान-बीन) की लालसा होती है ।
(4) बच्चे अपने आसपास की वस्तुओं को जानने के लिए जन्मजात जिज्ञासु होते हैं ।

24. **Children's failure in school**

(1) suggests that children from deprived backgrounds are not capable of learning.

(2) indicates that school has not been able to cater to the needs and interests of these children.

(3) proves that these children have genetic birth defects and hence should be pulled out from school.

(4) signifies that parents have not been able to support their children to learn.

24. **बच्चों का विद्यालय में असफल होना –**

(1) प्रस्तावित करता है कि वंचित पृष्ठभूमि वाले बच्चों में अधिगम का सामर्थ्य नहीं होता है ।

(2) निर्दिष्ट करता है कि विद्यालय इन बच्चों की आवश्यकताओं और रुचियों की पूर्ति करने में समर्थ नहीं है ।

(3) साबित करता है कि इन बच्चों में आनुवंशिक पैदाइशी कमियाँ हैं और इन्हें विद्यालय से निकाल देना चाहिए ।

(4) सूचित करता है कि अभिभावकों में अपने बच्चों के अधिगम में सहायता करने का सामर्थ्य नहीं है ।

25. **By working in groups, teaching and helping each other, children**

(1) are able to reflect on their own thought processes and shift to a higher level of cognitive activity.

(2) can develop misconceptions which interferes with their learning.

(3) get distracted and hence it is an ineffective pedagogical strategy.

(4) develop competitive tendencies that hinder learning.

25. **समूह में एक–दूसरे को पढ़ाने और सहायता करने से –**

(1) बच्चे स्वयं की चिंतन प्रक्रिया पर आक्षेप कर सकते हैं और संज्ञानात्मक क्रियाकलाप के उच्च स्तर पर पहुँच सकते हैं ।

(2) बच्चों में भ्रांति उत्पन्न हो सकती है, जो उनके अधिगम में हस्तक्षेप करती है ।

(3) बच्चों का ध्यान भंग हो सकता है और यह एक प्रभावशाली शैक्षिक पद्धति नहीं है ।

(4) बच्चों में प्रतिस्पर्धात्मक प्रवृत्ति उत्पन्न होती है, जो कि अधिगम में विघ्न/रुकावट पैदा करती है ।

26. **In a _________ classroom teachers adapt their pedagogy and vary assessment to cater to individual students.**

(1) teacher-centric

(2) progressive

(3) textbook-centric

(4) behaviouristic

26. **एक _____ कक्षा में अध्यापिका अपनी शिक्षा–शास्त्र व आकलन की विधियों को विद्यार्थियों की व्यक्तिगत जरूरतों के अनुसार परिवर्तित करती है ।**

(1) अध्यापक–केंद्रित

(2) प्रगतिशील

(3) पाठ्य–पुस्तक केंद्रित

(4) व्यवहारवादी

27. **Which of the following statements about development is correct ?**

(1) There is a lot of cultural diversity in the development of children.

(2) Children across the world follow the same sequence and exact time of development.

(3) Development occurs in a neat, orderly set of stages predetermined by genetic factors.

(4) Development is simple and uni-dimensional.

28. **Which of the following is a major hallmark of the period of middle childhood ?**

(1) Emergence of make-believe play.

(2) Development of logical thought that is concrete in nature.

(3) Rapid development of motor skills and overall physical growth.

(4) Development of scientific reasoning and ability to think abstractly.

29. **School __________ socialization of children.**

(1) does not play any role in

(2) plays very little role in

(3) is a primary agency of

(4) is a secondary agency of

30. **Which of the following theorists proposed that children's thinking is qualitatively different from that of adults ?**

(1) Jean Piaget

(2) Lev Vygotsky

(3) Howard Gardner

(4) Lawrence Kohlberg

27. **विकास के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?**

(1) बच्चों के विकास में बहुत-सी सांस्कृतिक विविधताएँ होती हैं ।

(2) संसार में सभी बच्चों का विकास एक ही क्रम में और सुनिश्चित समय से होता है ।

(3) विकास सुरुचिपूर्ण, सुव्यवस्थित समूह की अवस्थाओं में पूर्वनिश्चित आनुवंशिक घटकों के कारण होता है ।

(4) विकास एक सरल और एक-दिशीय प्रक्रिया है ।

28. **निम्नलिखित में से मध्य बाल्यावस्था की अवधि का मुख्य प्रमाण चिह्न कौन सा है ?**

(1) प्रतीकात्मक-खेल का उभरना ।

(2) तर्कसंगत विचारों का विकास जो कि प्राकृतिक रूप से मूर्त हैं ।

(3) पेशीय कौशल और समग्र शारीरिक वृद्धि का तेज़ी से विकास ।

(4) वैज्ञानिक तर्क और अमूर्त रूप से सोचने की क्षमता का विकास ।

29. **बच्चों के समाजीकरण में विद्यालय _____**

(1) की कोई भूमिका नहीं है ।

(2) की बहुत कम भूमिका है ।

(3) प्राथमिक कारक है ।

(4) द्वितीयक कारक है ।

30. **निम्नलिखित में से किस मनोवैज्ञानिक ने प्रस्तावित किया है कि बच्चों का चिंतन गुणात्मक रूप से वयस्कों की अपेक्षा अलग होता है ?**

(1) जीन पियाजे

(2) लेव वायगोत्स्की

(3) हॉवर्ड गार्डनर

(4) लॉरेंस कोलबर्ग

| | |
|---|---|
| ***IMPORTANT : Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).*** | **महत्त्वपूर्ण : परीक्षार्थियों को प्रश्न *31* से *90* या तो भाग - *II* (गणित व विज्ञान) या भाग - *III* (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।** |

## PART - II / भाग - II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**31.** **If 0.139 + 0.75 + 2.105 – (1.001) × 1.1 = 2 – k, then the value of k is**

(1) 0.8925
(2) 0.982
(3) 0.1071
(4) 0.1075

**32.** **If $a = -\frac{3}{4}$ and $b = \frac{5}{6}$, then which of the following does not lie between a and b ?**

(1) 0
(2) $-\frac{1}{2}$
(3) $-\frac{2}{5}$
(4) $-\frac{7}{9}$

**33.** **The product of $1.7 \times 10^4$ and $12.5 \times 10^{-6}$ is expressed in the standard form as $k \times 10^n$. The value of (2k + n) is**

(1) 2.125
(2) 1.125
(3) 2.25
(4) 3.25

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे*** *उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**31.** **यदि 0.139 + 0.75 + 2.105 – (1.001) × 1.1 = 2 – k है, तो k का मान है**

(1) 0.8925
(2) 0.982
(3) 0.1071
(4) 0.1075

**32.** **यदि $a = -\frac{3}{4}$ और $b = \frac{5}{6}$ हैं, तो निम्न में से कौन सा a और b के बीच स्थित नहीं है ?**

(1) 0
(2) $-\frac{1}{2}$
(3) $-\frac{2}{5}$
(4) $-\frac{7}{9}$

**33.** **$1.7 \times 10^4$ और $12.5 \times 10^{-6}$ के गुणनफल को मानक रूप में $k \times 10^n$ द्वारा व्यक्त किया जाता है । (2k + n) का मान है**

(1) 2.125
(2) 1.125
(3) 2.25
(4) 3.25

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**34. Two numbers are in the ratio 3:5. If 12 is added to both the numbers, then the ratio becomes 5:7. The sum of the given two numbers is**

(1) 32

(2) 40

(3) 48

(4) 56

**35. The marked price of an article is ₹ 840. A shopkeeper gives a discount of 15% on the marked price and still makes a profit of 19%. What is the cost price of the article ?**

(1) ₹ 540

(2) ₹ 580

(3) ₹ 600

(4) ₹ 640

**36. If $\frac{5x-7}{3} + 2 = \frac{4x-3}{4} + 4x$, then the value of $(8x + 5)$ is**

(1) 6

(2) 7

(3) 9

(4) 13

**34. दो संख्याएँ 3:5 के अनुपात में हैं । यदि प्रत्येक संख्या में 12 जोड़ा जाए, तो यह अनुपात 5:7 हो जाता है । दी गई दोनों संख्याओं का योग है**

(1) 32

(2) 40

(3) 48

(4) 56

**35. किसी वस्तु का अंकित मूल्य ₹ 840 है । एक दुकानदार इस वस्तु को अंकित मूल्य पर 15% की छूट देकर बेचता है, और फिर भी उसे 19% का लाभ होता है । वस्तु का क्रय मूल्य क्या है ?**

(1) ₹ 540

(2) ₹ 580

(3) ₹ 600

(4) ₹ 640

**36. यदि $\frac{5x-7}{3} + 2 = \frac{4x-3}{4} + 4x$ है, तो $(8x + 5)$ का मान है**

(1) 6

(2) 7

(3) 9

(4) 13

**37.** **Let**

**$P = 12xy - 10y^2 - 18x^2$,**

**$Q = 14x^2 + 12y^2 + 9xy$, and**

**$R = 5y^2 - x^2 + xy$**

**then $(P + Q) - R =$**

(1) $22xy - 3x^2 + 3y^2$

(2) $22xy + 3x^2 - 3y^2$

(3) $20xy - 7x^2 - 3y^2$

(4) $20xy - 3x^2 - 3y^2$

**38.** **If $x^4 + \dfrac{1}{x^4} = 322, x \neq 0$, then one of the values of $\left(x - \dfrac{1}{x}\right)$ is**

(1) 2

(2) 4

(3) 6

(4) 8

**39.** **If $15x^2 - 26x + 8 = (Ax + B)(Cx + D)$, where A and C are positive integers, then what is the value of $(2A + B - C - 2D)$ ?**

(1) 0

(2) 1

(3) 2

(4) 3

**37.** **मान लीजिए**

**$P = 12xy - 10y^2 - 18x^2$,**

**$Q = 14x^2 + 12y^2 + 9xy$, और**

**$R = 5y^2 - x^2 + xy$ हैं।**

**तब $(P + Q) - R =$**

(1) $22xy - 3x^2 + 3y^2$

(2) $22xy + 3x^2 - 3y^2$

(3) $20xy - 7x^2 - 3y^2$

(4) $20xy - 3x^2 - 3y^2$

**38.** **यदि $x^4 + \dfrac{1}{x^4} = 322, x \neq 0$ है, तो $\left(x - \dfrac{1}{x}\right)$ का एक मान है**

(1) 2

(2) 4

(3) 6

(4) 8

**39.** **यदि $15x^2 - 26x + 8 = (Ax + B)(Cx + D)$ है, जहाँ, A और C धनात्मक पूर्णांक हैं, तो $(2A + B - C - 2D)$ का मान क्या है ?**

(1) 0

(2) 1

(3) 2

(4) 3

**40. In ΔABC and ΔDEF, if AB = EF, BC = DE and CA = FD, then**

(1) ΔABC ≅ ΔDEF

(2) ΔABC ≅ ΔFED

(3) ΔABC ≅ ΔEFD

(4) ΔABC ≅ ΔDFE

**41. Which of the following can be the sides of a right angled triangle ?**

(1) 20 cm, 21 cm and 31 cm

(2) 35 cm, 77 cm and 88 cm

(3) 15 cm, 32 cm and 57 cm

(4) 65 cm, 72 cm and 97 cm

**42. The number of edges of a polyhedron, which has 7 faces and 10 vertices, is**

(1) 13

(2) 14

(3) 15

(4) 17

**43. In ΔABC, the side AB is produced to E and side CA is produced to D. If ∠BAD = 125° and ∠EBC = 100°, then which of the following is true ?**

(1) ΔABC is an isosceles triangle.

(2) AB > BC

(3) Difference between ∠ABC and ∠ACB is 35°

(4) Difference between ∠BAC and ∠ACB is 20°

**40. ΔABC और ΔDEF में यदि AB = EF, BC = DE तथा CA = FD हैं, तो**

(1) ΔABC ≅ ΔDEF

(2) ΔABC ≅ ΔFED

(3) ΔABC ≅ ΔEFD

(4) ΔABC ≅ ΔDFE

**41. निम्न में से कौन सी एक समकोण त्रिभुज की भुजाएँ हो सकती हैं ?**

(1) 20 cm, 21 cm और 31 cm

(2) 35 cm, 77 cm और 88 cm

(3) 15 cm, 32 cm और 57 cm

(4) 65 cm, 72 cm और 97 cm

**42. किसी बहुफलक के 7 फलक और 10 शीर्ष हैं। इस बहुफलक के किनारों की संख्या है**

(1) 13

(2) 14

(3) 15

(4) 17

**43. ΔABC में, भुजा AB को E तक और भुजा CA को D तक बढ़ाया जाता है।**

**यदि ∠BAD = 125° और ∠EBC = 100° हैं, तो निम्न में से कौन सा सत्य है ?**

(1) ΔABC समद्विबाहु त्रिभुज है।

(2) AB > BC है।

(3) ∠ABC और ∠ACB का अंतर 35° है।

(4) ∠BAC और ∠ACB का अंतर 20° है।

**44. In trapezium PQRS, PQ || SR and the ratio of PQ to SR is 3:2. If the area of the trapezium is 480 $cm^2$ and the distance between PQ and SR is 12 cm, then the length of SR is**

(1) 24 cm
(2) 32 cm
(3) 36 cm
(4) 48 cm

**45. A rectangular sheet of paper 88 cm × 10 cm is folded without overlapping to make a cylinder of height 10 cm. What is the capacity (in litres) of the cylinder ? (Take $\pi = \frac{22}{7}$)**

(1) 5.54
(2) 6.16
(3) 7.392
(4) 8.624

**46. The volume of a cube is 2197 $cm^3$. What is its lateral surface area (in $cm^2$)?**

(1) 676
(2) 576
(3) 845
(4) 1014

**47. What is the mean of the range, mode and median of the data given below ?**

**5, 10, 3, 6, 4, 8, 9, 3, 15, 2, 9, 4, 19, 11, 4**

(1) 8
(2) 9
(3) 10
(4) 12

**44. समलंब PQRS में, PQ || SR है और PQ तथा SR का अनुपात 3:2 है । यदि समलंब का क्षेत्रफल 480 $cm^2$ है और PQ तथा SR के बीच की दूरी 12 cm है, तो SR की लंबाई है**

(1) 24 cm
(2) 32 cm
(3) 36 cm
(4) 48 cm

**45. 88 cm × 10 cm माप वाले एक आयताकार कागज़ के टुकड़े को बिना अतिव्यापन किए, मोड़कर एक 10 cm ऊँचाई का बेलन बनाया जाता है । बेलन की धारिता (लीटर में) क्या है ? ($\pi = \frac{22}{7}$ लीजिए)**

(1) 5.54
(2) 6.16
(3) 7.392
(4) 8.624

**46. किसी घन का आयतन 2197 $cm^3$ है । इसका पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) क्या है ?**

(1) 676
(2) 576
(3) 845
(4) 1014

**47. निम्न आँकड़ों के लिए, परिसर, बहुलक तथा माध्यक का माध्य क्या है ?**

**5, 10, 3, 6, 4, 8, 9, 3, 15, 2, 9, 4, 19, 11, 4**

(1) 8
(2) 9
(3) 10
(4) 12

48. **Which of the following is most appropriate strategy for introducing the concept of multiplication of two decimal numbers in the middle school ?**

(1) The algorithm should be used to introduce the concept.

(2) The process should be visually represented.

(3) Multiplication as repeated addition should be emphasized.

(4) Multiplication as inverse of division should be emphasized.

49. **Which of the following is a narrow aim of teaching mathematics ?**

(1) To encourage systematic reasoning among students.

(2) To develop students' ability to argue the truth and falsity of statements.

(3) To make students proficient in handling numbers and number operations.

(4) To develop students' generalization abilities.

48. **माध्यमिक विद्यालय में दो दशमलव वाली संख्याओं के गुणनफल की संकल्पना का परिचय देने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी सर्वाधिक उपयुक्त रणनीति है ?**

(1) संकल्पना का परिचय देने के लिए कलन-विधि का प्रयोग किया जाना चाहिए ।

(2) प्रक्रिया का चित्रात्मक रूप में प्रदर्शन करना चाहिए ।

(3) महत्त्व दिया जाना चाहिए कि गुणनफल, संख्याओं का बार-बार योग है ।

(4) महत्त्व दिया जाना चाहिए कि गुणनफल, विभाजन का प्रतिलोम है ।

49. **निम्नलिखित में से कौन सा गणित शिक्षण का संकीर्ण उद्देश्य है ?**

(1) विद्यार्थियों में सुव्यवस्थित तर्कण को प्रोत्साहित करना ।

(2) विद्यार्थियों में कथन की सत्यता और असत्यता को प्रमाणित करने की योग्यता का विकास करना ।

(3) विद्यार्थियों को संख्याओं और संख्याओं पर होने वाली संक्रियाओं का संचालन करने में निपुण करना ।

(4) विद्यार्थियों में सामान्यीकरण क्षमता का विकास करना ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**50. Which of the following is most appropriate strategy for teaching students to solve mathematical problems ?**

(1) Guess and verify approach should be strictly discouraged.

(2) The list of formulae required for solving the given set of problems should be provided in the beginning.

(3) Teacher should begin by explaining the steps required for obtaining the solutions of the problems.

(4) Students should be encouraged to view a problem from many perspectives.

**51. Identify the incorrect statement from among the following :**

(1) Hypothesis have a role in construction of mathematical knowledge.

(2) The notion of argumentation is central to mathematics.

(3) Mathematical communication involves precise use of language.

(4) Conjectures do not have utility in constructing mathematical knowledge.

**50. निम्नलिखित में से कौन सी योजना विद्यार्थियों को गणितीय प्रश्नों को हल करने का शिक्षण देने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है ?**

(1) अनुमान और सत्यापन अभिगम को कड़ाई से हतोत्साहित किया जाना चाहिए ।

(2) प्रारंभ में ही दिए गए प्रश्नों के समूह को हल करने के लिए आवश्यक सूत्रों की सूची उपलब्ध करा देनी चाहिए ।

(3) अध्यापिका को शुरू में ही समस्या के हल प्राप्त करने के चरणों की व्याख्या कर देनी चाहिए ।

(4) विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे प्रश्न का बहुत से परिप्रेक्ष्यों से अवलोकन करें ।

**51. निम्नलिखित में से अशुद्ध कथन को पहचानिए :**

(1) गणितीय ज्ञान की संरचना में परिकल्पना की एक भूमिका है ।

(2) गणित में कल्पित तर्क प्रमुख होते हैं ।

(3) गणितीय संचारण में भाषा का प्रयोग परिशुद्ध होना आवश्यक है ।

(4) गणितीय ज्ञान की संरचना में अनुमान लगाना उपयोगी नहीं होता है ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**52. Which of the following is a desirable strategy for assessing students' learning in mathematics ?**

(1) Same tasks should be given to all students for parity.
(2) Students' incorrect answers should be ignored.
(3) Students' justification of their responses should be an important basis of assessment.
(4) Development of mathematical vocabulary should not be a basis of assessment.

**53. For a given figure to be a triangle, the condition that it is a union of three segments is**

(1) a necessary but not a sufficient condition.
(2) a sufficient but not a necessary condition.
(3) both necessary and sufficient condition.
(4) neither necessary nor sufficient condition.

**54. Consider the following statements :**

**A = If n is even, then $n^2$ is even.**

**B = If $n^2$ is not even, n is not even.**

**C = If $n^2$ is even, then n is even.**

**D = If n is not even, then $n^2$ is not even.**

**Which of the following statements is true ?**

(1) C is converse of A.
(2) D is converse of A.
(3) B is inverse of A.
(4) D is contraposition of A.

**52. विद्यार्थियों में गणित अधिगम का मूल्यांकन करने के लिए निम्नलिखित में से कौन सी योजना वांछनीय है ?**

(1) समानता के लिए सभी विद्यार्थियों को एकसमान कार्य दिये जाने चाहिए ।
(2) विद्यार्थियों के अशुद्ध उत्तरों की उपेक्षा करनी चाहिए ।
(3) विद्यार्थियों की अपने उत्तरों को समर्थन देने की क्षमता मूल्यांकन का महत्त्वपूर्ण आधार होना चाहिए ।
(4) गणितीय शब्द संग्रह का विकास मूल्यांकन का आधार नहीं होना चाहिए ।

**53. एक आकृति का त्रिभुज होने के लिए शर्त कि यह तीन रेखाखण्डों का सम्मिलन हो**

(1) आवश्यक है परन्तु पर्याप्त शर्त नहीं है ।
(2) पर्याप्त है, परन्तु आवश्यक शर्त नहीं है ।
(3) आवश्यक और पर्याप्त दोनों ही शर्त हैं ।
(4) न तो आवश्यक और न ही पर्याप्त शर्त है ।

**54. निम्नलिखित कथनों पर ध्यान दीजिए :**

**A = यदि n सम है, तो $n^2$ सम है ।**

**B = यदि $n^2$ सम नहीं है, तो n सम नहीं है ।**

**C = यदि $n^2$ सम है, तो n सम है ।**

**D = यदि n सम नहीं है, तो $n^2$ सम नहीं है ।**

**निम्नलिखित कथनों में कौन सा सत्य है ?**

(1) C, A का विलोम है ।
(2) D, A का विलोम है ।
(3) B, A का प्रतिलोम है ।
(4) D, A की प्रतिस्थिति है ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**55. Which of the following teaching-learning resources in mathematics cannot be used for visually challenged students ?**

(1) GeoGebra

(2) Taylor's abacus

(3) Tiles

(4) GeoBoard

**56. Which of the following statements is true ?**

(1) Mathematics consists of all the theorems proved in mathematics books.

(2) A person good in arithmetical computation is also good in Mathematics and vice-versa.

(3) Intuition has no role in generating mathematical knowledge.

(4) Mathematical statements can be conditional.

**57. Which of the following statements is NOT correct regarding differently abled children of dyslexia in mathematics learning in an inclusive classroom ?**

(1) Dyslexia has an impact in a person's co-ordination of verbal and spatial aspects of numbers.

(2) Visual patterns in mathematics help in overcoming difficulties experienced by dyslexic children.

(3) Dyslexic children may have difficulty in writing down their ideas in systematic and organized manner.

(4) Dyslexia impacts only language learning not mathematics learning.

**55. दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए निम्नलिखित में से किसका प्रयोग गणित शिक्षण अधिगम के साधनों के रूप में नहीं किया जा सकता है ?**

(1) जियोजेब्रा

(2) टेलर का गिनतारा

(3) टाइल

(4) जियोबोर्ड

**56. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सत्य है ?**

(1) गणित की पुस्तकों में दी गई सभी प्रमेयों की उपपत्ति से ही गणित बनता है ।

(2) एक व्यक्ति जो कि अंकगणितीय परिकलन में अच्छा है वह गणित में भी अच्छा होगा और विलोमत: भी यह सत्य होगा ।

(3) गणितीय ज्ञान के उत्पादन में अंतर्ज्ञान की कोई भूमिका नहीं है ।

(4) गणितीय कथन प्रतिबंधित हो सकते हैं ।

**57. समावेशी कक्षा में पठन अक्षमता वाले विविध बाधित क्षमता के छात्रों के गणित अधिगम के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा सत्य नहीं है ?**

(1) पठन अक्षमता का प्रभाव व्यक्ति के संख्याओं के शाब्दिक और स्थानिक दृष्टिकोण में समन्वयन करने पर होता है ।

(2) गणित के चित्रांकित नमूने पठन अक्षमता वाले बच्चों द्वारा अनुभव की गई कठिनाइयों को दूर करने में सहायक होते हैं ।

(3) पठन अक्षमता वाले बच्चों को अपने विचारों को क्रमबद्ध और संघटित रूप में लिखने में कठिनाई हो सकती है ।

(4) पठन अक्षमता केवल भाषा सीखने को प्रभावित करती है न कि गणितीय अधिगम को ।

58. The number of distinct prime factors of the largest 6-digit number is

(1) 3

(2) 4

(3) 5

(4) 6

59. If the 8-digit number 179$x$091y is divisible by 88, then what is the value of $(x - y)$ ?

(1) 1

(2) 2

(3) 3

(4) 4

60. Let $a = \frac{11}{13}$, $b = \frac{13}{14}$ and $c = \frac{15}{17}$ be three fractions. Which of the following is true ?

(1) $\frac{13}{14} < \frac{11}{13} < \frac{15}{17}$

(2) $\frac{15}{17} < \frac{13}{14} < \frac{11}{13}$

(3) $\frac{11}{13} < \frac{15}{17} < \frac{13}{14}$

(4) $\frac{11}{13} < \frac{13}{14} < \frac{15}{17}$

58. 6-अंकों की बड़ी से बड़ी संख्या के विभिन्न अभाज्य गुणनखंडों की संख्या है

(1) 3

(2) 4

(3) 5

(4) 6

59. यदि 8-अंकीय संख्या 179$x$091y, 88 से विभाज्य है, तो $(x - y)$ का क्या मान है ?

(1) 1

(2) 2

(3) 3

(4) 4

60. मान लीजिए कि $a = \frac{11}{13}$, $b = \frac{13}{14}$ और $c = \frac{15}{17}$ तीन भिन्न हैं। निम्न में से कौन सा सत्य है ?

(1) $\frac{13}{14} < \frac{11}{13} < \frac{15}{17}$

(2) $\frac{15}{17} < \frac{13}{14} < \frac{11}{13}$

(3) $\frac{11}{13} < \frac{15}{17} < \frac{13}{14}$

(4) $\frac{11}{13} < \frac{13}{14} < \frac{15}{17}$

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**61. Which of the following represents correct matching set ?**

| | |
|---|---|
| **(a) helps in the movement of body by contraction and relaxation.** | **(i) Cartilage** |
| **(b) Hard structure which forms the skeleton** | **(ii) Muscles** |
| **(c) Part of skeleton which can be bent** | **(iii) Rib-cage** |
| **(d) Joins the chest bone and back bone together to form an enclosure** | **(iv) Bones** |

(1) (a) (i), (b) (iii), (c) (ii), (d) (iv)

(2) (a) (ii), (b) (iv), (c) (i), (d) (iii)

(3) (a) (iii), (b) (ii), (c) (i), (d) (iv)

(4) (a) (iv), (b) (iii), (c) (ii), (d) (i)

**62. Which of the following glands in human beings secretes more than two hormones ?**

(1) Adrenal

(2) Pituitary

(3) Pancreas

(4) Thyroid

**63. Which of the following statements is true ?**

(1) All metals are solids.

(2) All metals are hard.

(3) All non-metals are gases.

(4) All non-metals are non-ductile.

**64. 'Y' is a man-made fibre obtained from a natural source. What could be 'Y' ?**

(1) Rayon

(2) Nylon

(3) Acrylic

(4) Jute

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए :*

**61. निम्नलिखित में से कौन सही मिलान का निरूपण करता है ?**

| | |
|---|---|
| **(a) सिकुड़कर और शिथिल होकर शरीर की गति में सहायता करती है ।** | **(i) उपास्थि** |
| **(b) कठोर संरचना जो कंकाल बनाती है ।** | **(ii) पेशी** |
| **(c) कंकाल का भाग जिसे झुकाया जा सकता है ।** | **(iii) पसली–पिंजर** |
| **(d) वक्ष की अस्थि और मेरुदण्ड को जोड़कर बक्से की रचना करता है ।** | **(iv) अस्थि** |

(1) (a) (i), (b) (iii), (c) (ii), (d) (iv)

(2) (a) (ii), (b) (iv), (c) (i), (d) (iii)

(3) (a) (iii), (b) (ii), (c) (i), (d) (iv)

(4) (a) (iv), (b) (iii), (c) (ii), (d) (i)

**62. निम्नलिखित में से मानवों की कौन सी ग्रंथि दो से अधिक हॉर्मोन स्रावित करती है ?**

(1) एड्रिनल

(2) पीयूष

(3) अग्न्याशय

(4) थायरॉइड

**63. नीचे दिया गया कौन सा कथन सही है ?**

(1) सभी धातुएँ ठोस होती हैं ।

(2) सभी धातुएँ कठोर होती हैं ।

(3) सभी अधातुएँ गैस होती हैं ।

(4) सभी अधातुएँ अतन्य (तन्य नहीं) होती हैं ।

**64. 'Y' कोई मानव–निर्मित रेशा (फ़ाइबर) है जिसे प्राकृतिक स्रोत से प्राप्त किया जाता है । 'Y' क्या हो सकता है ?**

(1) रेयॉन

(2) नाइलॉन

(3) एक्रिलिक

(4) जूट

65. **Study the following table :**

| Fuel | Calorific value | State | Ignition temp. |
|---|---|---|---|
| A | High | solid | high |
| B | Moderate | gas | high |
| C | Moderate | gas | moderate |
| D | Low | liquid | low |

**Which is best suited as domestic fuel ?**

(1) A
(2) B
(3) C
(4) D

66. **Species restricted to a particular area are referred to as**

(1) Endangered species
(2) Extinct species
(3) Endemic species
(4) Migratory species

67. **Metal 'X' displaces metal 'Y' from its salt solution but is not able to displace metal 'Z' from its salt solution. Identify the most reactive metal.**

(1) X
(2) Y
(3) Z
(4) Cannot be determined.

68. **Light rays from an object fall on a surface and get reflected in a completely diffused manner. What can you say about the nature of image of the object ?**

(1) It will be virtual and of same size.
(2) It will be real and enlarged.
(3) It will be virtual and enlarged.
(4) No image will be formed.

65. **नीचे दी गयी तालिका का अध्ययन कीजिए :**

| ईंधन | ऊष्मीय–मान | अवस्था | ज्वलन ताप |
|---|---|---|---|
| A | उच्च | ठोस | उच्च |
| B | मध्यम | गैस | उच्च |
| C | मध्यम | गैस | मध्यम |
| D | निम्न | द्रव | निम्न |

**इनमें से घरेलू ईंधन के रूप में कौन सा सबसे अधिक उपयुक्त है ?**

(1) A
(2) B
(3) C
(4) D

66. **किसी विशिष्ट क्षेत्र में विशिष्ट रूप से पायी जाने वाली स्पीशीज़ को कहा जाता है –**

(1) संकटापन्न स्पीशीज़
(2) विलुप्त स्पीशीज़
(3) विशेषक्षेत्री स्पीशीज़
(4) प्रवासी स्पीशीज़

67. **धातु 'X', धातु 'Y' को उसके लवण–विलयन से विस्थापित कर देती है परन्तु धातु Z को उसके लवण विलयन से विस्थापित करने योग्य नहीं है । इनमें सबसे ज्यादा अभिक्रियाशील धातु कौन सी है ?**

(1) X
(2) Y
(3) Z
(4) निर्धारित नहीं किया जा सकता है ।

68. **किसी बिम्ब से प्रकाश किरणें किसी पृष्ठ पर गिरती हैं तथा पूर्णत: विसरित ढंग से परावर्तित हो जाती हैं । आप इस बिम्ब के प्रतिबिम्ब की प्रकृति के बारे में क्या कह सकते हैं ?**

(1) यह आभासी और समान साइज़ का होगा ।
(2) यह वास्तविक और आवर्धित होगा ।
(3) यह आभासी और आवर्धित होगा ।
(4) कोई प्रतिबिम्ब नहीं बनेगा ।

**69. In order to slide a huge box lying on the ground in her room, Reshma should apply a force which is greater than which of the following forces ?**

(1) Static friction
(2) Gravitational force
(3) Normal force
(4) Muscular force

**70. Identify the <u>correct statement</u> from among the following :**

(1) The lower the frequency of the vibration, higher is the pitch.
(2) The loudness of sound is determined by the frequency of vibration.
(3) Sound cannot travel through vacuum.
(4) Pitch of sound is determined by its amplitude.

**71. Which of the following sets comprises liquids which are poor conductors of electricity ?**

(1) tap water, shampoo, honey
(2) salt solution, lemon juice, vinegar
(3) shampoo, vegetable oil, distilled water
(4) sugar solution, vinegar, lemon juice

**72. Which of the following sets comprises chemical changes ?**

(1) Boiling of water, breaking of glass, rusting of iron
(2) Dissolving salt in water, digestion of food, shredding of paper.
(3) Cooking of food, boiling of water, dissolving sugar in water.
(4) Rusting of iron, burning of paper, digestion of food

**73. Neena was cycling to the market to buy some grocery items. The market is 4 km away from her home. She travels at a speed of 12 km/h for first 10 minutes. On her way she meets her friend Nikhat and stops to chat with her for 15 minutes. She resumes her journey at a speed of 8 km/h. What is her average speed for the journey ?**

(1) 6 km/h
(2) 8 km/h
(3) 10 km/h
(4) 4 km/h

**69. अपने कमरे में फर्श पर रखे किसी विशाल बॉक्स को सरकाने के लिए रेश्मा को निम्नलिखित बलों में से किससे अधिक बल लगाना चाहिए ?**

(1) स्थैतिक घर्षण
(2) गुरुत्वाकर्षण बल
(3) अभिलम्ब बल
(4) पेशीय बल

**70. निम्नलिखित में से <u>सही कथन</u> की पहचान कीजिए :**

(1) कम्पन की आवृत्ति निम्न है, तो तारत्व उच्च होता है ।
(2) ध्वनि की प्रबलता का निर्धारण कम्पन की आवृत्ति द्वारा किया जाता है ।
(3) ध्वनि निर्वात में गमन नहीं कर सकती ।
(4) ध्वनि का तारत्व उसके आयाम द्वारा निर्धारित होता है ।

**71. नीचे दिया गया कौन सा समुच्चय ऐसे द्रवों को समाविष्ट करता है जो विद्युत के हीन चालक हैं ?**

(1) टोंटी का जल, शैम्पू, शहद
(2) लवण विलयन, नींबू का रस, सिरका
(3) शैम्पू, वनस्पति तेल, आसुत जल
(4) चीनी का विलयन, सिरका, नींबू का रस

**72. नीचे दिया गया कौन सा समुच्चय रासायनिक परिवर्तनों को समाविष्ट करता है ?**

(1) पानी उबालना, काँच तोड़ना, लोहे को जंग लगना
(2) जल में लवण घोलना, भोजन का पाचन, कागज़ के टुकड़े-टुकड़े करना
(3) भोजन पकाना, पानी उबालना, जल में चीनी घोलना
(4) लोहे को जंग लगना, कागज का जलना, भोजन का पाचन

**73. नीना किराने की कुछ वस्तुएँ खरीदने के लिए साइकिल से बाज़ार जा रही थी । बाज़ार उसके घर से 4 km दूर है । उसने पहले 10 मिनट 12 km/h की चाल से गमन किया । उसे रास्ते में उसकी मित्र निख़त मिलती है जिससे वह रुककर 15 मिनट बातचीत करती है । इसके पश्चात वह अपनी यात्रा 8 km/h की चाल से फिर से आरम्भ करती है । उसकी यात्रा की औसत चाल क्या है ?**

(1) 6 km/h
(2) 8 km/h
(3) 10 km/h
(4) 4 km/h

74. **Which of the following will not be helpful in the process of separating a mixture of salt and water ?**

(1) Decantation
(2) Filteration
(3) Distillation
(4) Boiling

75. **Which of the following properties of light can be used to explain the phenomenon of shadow formation ?**

**A. Light travels in a straight line.**
**B. Light travels at a high speed.**
**C. Light is composed of seven colours.**
**D. Light does not pass through opaque objects.**

(1) A and B
(2) B and C
(3) C and D
(4) D and A

76. **Identify the correct statement from among the following :**

(1) The proportion of fine particles in sandy soil is relatively higher than in the clayey soil.
(2) The amount of large and fine particles is about the same in clayey soil.
(3) The proportion of large particles in loamy soil is relatively higher than in the sandy soil.
(4) The proportion of fine particles in clayey soil is relatively higher than in the loamy soil.

77. **Deficiency of vitamin 'X' causes bleeding of gums. This vitamin is essential for absorption of mineral 'Y' and 'X' is found in food 'Z'. Identify X, Y and Z.**

(1) X-vitamin D, Y- calcium, Z-milk product
(2) X-vitamin C, Y-iron, Z-citrus fruits
(3) X-vitamin B, Y-calcium, Z-green leafy vegetables
(4) X-vitamin A, Y-phosphorus, Z-poultry products

74. **लवण और जल के मिश्रण को पृथक करने की प्रक्रिया में निम्नलिखित में से कौन सहायक नहीं होगा ?**

(1) निस्तारण
(2) निस्यन्दन
(3) आसवन
(4) उबालना

75. **नीचे दिए गए प्रकाश के कौन से गुणधर्मों का उपयोग छाया बनने की परिघटना की व्याख्या के लिए किया जा सकता है ?**

**A. प्रकाश सरल रेखा में गमन करता है ।**
**B. प्रकाश उच्च चाल से गमन करता है ।**
**C. प्रकाश सात वर्णों (रंगों) से मिलकर बना है ।**
**D. प्रकाश अपारदर्शी वस्तुओं से नहीं गुजरता है ।**

(1) A और B
(2) B और C
(3) C और D
(4) D और A

76. **निम्नलिखित में से सही कथन को पहचानिए :**

(1) बलुआ मृदा में महीन कणों का अनुपात चिकनी मृदा की अपेक्षाकृत उच्चतर होता है ।
(2) चिकनी मृदा में बड़े कणों और महीन कणों की मात्रा लगभग बराबर होती है ।
(3) दुम्मट मृदा में बड़े कणों का अनुपात बलुआ मृदा की अपेक्षाकृत उच्चतर होता है ।
(4) चिकनी मृदा में महीन कणों का अनुपात दुम्मट मृदा की अपेक्षाकृत उच्चतर होता है ।

77. **विटामिन 'X' की हीनता (कमी) के कारण मसूढ़ों से रुधिर बहने लगता है । यह विटामिन खनिज 'Y' के अवशोषण के लिए आवश्यक है तथा 'X' भोजन 'Z' में पाया जाता है । 'X', 'Y' और 'Z' को पहचानिए :**

(1) X-विटामिन D, Y-कैल्सियम, Z-दुग्ध उत्पाद
(2) X-विटामिन C, Y-आयरन, Z-निम्बू वंश के फल
(3) X-विटामिन B, Y-कैल्सियम, Z-हरी पत्तियों वाली वनस्पति
(4) X-विटामिन A, Y-फॉस्फोरस, Z-कुक्कुट उत्पाद

**78. Which of the following statement best describes the nature of science ?**

(1) science is a system of beliefs.

(2) science is social in nature.

(3) scientists are totally objective in their work.

(4) the scientific method is the only guide for conducting research.

**79. Cognitive validity in science curriculum means**

(1) inclusion of how concepts of science evolve over time.

(2) adaptation of content as per the cognitive level of learners.

(3) dilution of content

(4) inclusion of appropriate fun elements of science.

**80. According to N.C.F. 2005 in the upper primary stage science curriculum, which of the following is recommended ?**

**a. Concepts should be linked to making sense of everyday experience.**

**b. Concepts should be arrived at from activities/experiments.**

**c. Concepts should be taught through disciplinary approach.**

**d. Along with concepts, laws and theories need to be introduced**

(1) a, b and c

(2) a and b

(3) a, b and d

(4) a and d

**78. निम्नलिखित कथन में से कौन सा विज्ञान की प्रकृति का सबसे अच्छा वर्णन करता है ?**

(1) विज्ञान विश्वासों की एक प्रणाली है ।

(2) विज्ञान प्रकृति में सामाजिक है ।

(3) वैज्ञानिक अपने कार्य में पूर्ण रूप से निष्पक्ष होते हैं ।

(4) वैज्ञानिक विधि अनुसंधान के संचालन के लिए एकमात्र मार्गदर्शिका है ।

**79. विज्ञान की पाठ्यचर्या में संज्ञानात्मक वैधता का अर्थ है –**

(1) विज्ञान की अवधारणाएँ समय के साथ कैसे विकसित होती हैं का समावेश ।

(2) शिक्षार्थियों के संज्ञानात्मक स्तर के अनुसार सामग्री का समायोजन

(3) पाठ्य–वस्तु का तुच्छीकरण

(4) विज्ञान के उचित मज़ेदार तत्त्वों को शामिल करना ।

**80. एन.सी.एफ. 2005 के अनुसार, उच्च प्राथमिक स्तर के विज्ञान की पाठ्यचर्या में निम्नलिखित में से कौन सा अनुशंसित है ?**

**a. अवधारणाओं को रोजमर्रा के अनुभव की समझ बनाने से जोड़ा जाना चाहिए ।**

**b. अवधारणाओं तक गतिविधियों/प्रयोगों द्वारा पहुँचा जाना चाहिए ।**

**c. अवधारणाओं का विषयक उपागम द्वारा शिक्षण होना चाहिए ।**

**d. अवधारणाओं के साथ नियम और सिद्धांतों को पेश करने की आवश्यकता है ।**

(1) a, b और c

(2) a और b

(3) a, b और d

(4) a और d

**81. From the following, identify the statement that is true about science.**

(1) Scientists rely heavily on imagination to carry out their work.

(2) All scientific ideas are discovered and tested by controlled experiments.

(3) When a theory has been supported by a great deal of scientific evidence, it becomes law.

(4) In time, science will be able to solve most of society's problems.

**82. Ishu was given an individual task of collecting weather reports for a week. Identify where Ishu went wrong from the assessment indicators given below :**

(1) She tabulates data from a website everyday.

(2) She arrives at conclusion that rain may or may not take place in the coming week.

(3) She concludes that decreased humidity increases the likelihood of rainfall.

(4) She understands that range of maximum and minimum temperature varies everyday.

**83. Which of the following is a useful strategy to understand conceptual gaps in learners ?**

(1) organizing quiz sessions

(2) observing practical skills

(3) using concept maps

(4) giving homework regularly

**81. निम्नलिखित कथनों से पहचानें जो कि विज्ञान के बारे में सत्य है :**

(1) वैज्ञानिक अपने काम को पूरा करने के लिए कल्पना पर बहुत विश्वास करते हैं ।

(2) सभी वैज्ञानिक विचारों को नियंत्रित प्रयोगों द्वारा खोजा और परखा जाता है ।

(3) जब एक सिद्धांत को वैज्ञानिक सबूतों के द्वारा बहुत अधिक समर्थन मिलता है तो वह नियम बन जाता है ।

(4) आने वाले समय में, विज्ञान समाज की अधिकांश समस्याओं को हल करने में सक्षम होगा ।

**82. ईशु को एक सप्ताह के लिए मौसम की रिपोर्ट एकत्र करने का एक व्यक्तिगत कार्य दिया गया । नीचे दिए गए आकलन संकेतकों से पहचानें कि ईशु कहाँ गलत हो गई :**

(1) वह हर दिन एक वेबसाइट से आँकड़े सारणीबद्ध करती है ।

(2) वह इस परिणाम पर पहुँचती है कि आने वाले सप्ताह में बारिश हो सकती है या नहीं ।

(3) वह निष्कर्ष निकालती है कि आर्द्रता में कमी से वर्षा की संभावना बढ़ जाती है ।

(4) वह समझती है कि अधिकतम और न्यूनतम तापमान की सीमा प्रतिदिन भिन्न है ।

**83. निम्नलिखित में से क्या शिक्षार्थियों में संकल्पनात्मक कमी को समझने के लिए एक उपयोगी रणनीति है ?**

(1) प्रश्नोत्तरी सत्रों का आयोजन करना ।

(2) प्रयोगात्मक कौशलों का अवलोकन करना ।

(3) अवधारणा मानचित्रण का उपयोग करना ।

(4) नियमित गृहकार्य देना ।

**84. To encourage more girls to take up sciences, you may adopt all of the following strategies, except**

(1) use gender sensitive language and encourage your students to do so.
(2) be mindful that girls always dominate discussion in science classroom.
(3) invite women scientists to visit your classroom.
(4) engage students in examining myths and stereotypes about science.

**85. Science teachers need to ask more divergent questions because**

**a. it stimulates and develops critical thinking.**
**b. it directs students to correct answers.**
**c. it helps develop thinking strategies**
**d. it helps in assessing creative behaviour in a learner.**

(1) a, b, c
(2) a, c, d
(3) only b
(4) only a

**86. Using demonstrations in classroom predominantly involves learners in**

(1) visual and auditory learning
(2) visual learning only
(3) visual, auditory and kinesthetic learning
(4) auditory and kinesthetic learning

**87. Give the sequence of planning for your science classroom using inquiry approach in teaching concept of density.**

**a. allow students to determine relationship between objects that float and sink.**
**b. allow students to play with water in a tub with different objects.**
**c. ask students to design a small boat that can carry 1 kg of weight.**

(1) $a \rightarrow b \rightarrow c$
(2) $c \rightarrow b \rightarrow a$
(3) $b \rightarrow c \rightarrow a$
(4) $b \rightarrow a \rightarrow c$

**84. विज्ञान को पढ़ने के लिए और अधिक लड़कियों को प्रोत्साहित करने के लिए, आप निम्न सभी प्रकारों को अपना सकते हैं, सिर्फ एक को छोड़कर :**

(1) लैंगिक रूप से संवेदनशील भाषा का उपयोग करें और अपने शिक्षार्थियों को ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करें ।
(2) ध्यान रखें कि विज्ञान की कक्षा में लड़कियाँ हमेशा हावी रहें ।
(3) कक्षा में महिला वैज्ञानिकों को आमंत्रित करें ।
(4) विज्ञान के बारे में मिथकों और रूढ़ियों की जाँच में शिक्षार्थियों को जोड़ें ।

**85. विज्ञान शिक्षक को और अधिक अपसारी प्रश्न पूछने चाहिए क्योंकि –**

**a. यह गहन सोच को प्रोत्साहित और विकसित करता है ।**
**b. यह शिक्षार्थियों को उत्तर सही करने में दिशा प्रदान करता है ।**
**c. यह सोचने की युक्तियों को विकसित करता है ।**
**d. यह शिक्षार्थियों में सृजनात्मक व्यवहार के आकलन में सहायता करता है ।**

(1) a, b, c
(2) a, c, d
(3) केवल b
(4) केवल a

**86. कक्षा में प्रदर्शनों का उपयोग मुख्य रूप से शिक्षार्थियों को शामिल करता है**

(1) दृश्य और श्रवण सीखना ।
(2) केवल दृश्य सीखना ।
(3) दृश्य, श्रवण और गतिबोधक सीखना ।
(4) श्रवण और गतिबोधक सीखना ।

**87. घनत्व की अवधारणा के शिक्षण के लिए जाँच उपागम का उपयोग करके अपनी विज्ञान कक्षा के लिए नियोजन का क्रम दें :**

**a. शिक्षार्थियों को तैरने और डूबने वाली वस्तुओं के बीच संबंध निर्धारित करने का अवसर दें ।**
**b. शिक्षार्थियों को विभिन्न वस्तुओं के साथ टब में पानी के साथ खेलने का अवसर दें ।**
**c. शिक्षार्थियों को एक छोटी नाव डिजाइन करने के लिए कहें जो 1 किलोग्राम वजन ले जा सके ।**

(1) $a \rightarrow b \rightarrow c$
(2) $c \rightarrow b \rightarrow a$
(3) $b \rightarrow c \rightarrow a$
(4) $b \rightarrow a \rightarrow c$

**88. 'Y' is a plant which does not have Chlorophyll. What could 'Y' be ?**

(1) Cuscuta

(2) Algae

(3) Pitcher plant

(4) Maple tree

**88. 'Y' कोई ऐसा पौधा है जिसमें क्लोरोफिल (हरितलवक) नहीं होता है । 'Y' क्या हो सकता है ?**

(1) कसकुटा (अमरबेल)

(2) शैवाल

(3) घटपर्णी (पिचर पादप)

(4) मेपल वृक्ष

**89. Which of the following statements is correct ?**

(1) Large intestine is wider and shorter than small intestine.

(2) Absorption of digested food takes place in large intestine.

(3) Assimilation of food takes place in large intestine.

(4) Large intestine has finger like projection called villi.

**89. नीचे दिया गया कौन सा कथन सही है ?**

(1) बृहदांत्र क्षुद्रांत्र की अपेक्षा चौड़ी तथा छोटी होती है ।

(2) बृहदांत्र में पाचित भोजन का अवशोषण होता है ।

(3) बृहदांत्र में भोजन का परिपाचन होता है ।

(4) बृहदांत्र में अंगुली के समान उभरी हुई संरचनाएँ होती हैं जिन्हें दीर्घ रोम कहते हैं ।

**90. Which of the following statements is NOT true regarding life cycle of silk worm and production of silk fibres ?**

(1) The larvae of silk moths are called as caterpillars.

(2) The pupa develops into caterpillar.

(3) Silk fibres are proteins secreted by caterpillars.

(4) The silk yarn is obtained from the cocoon of the silk moth.

**90. रेशम कीट के जीवनचक्र और रेशम फ़ाइबर के उत्पादन के संबंध में कौन सा कथन सही नहीं है ?**

(1) रेशम कीट के लार्वा को केटरपिलर कहते हैं ।

(2) प्यूपा/कोशित विकसित होकर केटरपिलर बन जाता है ।

(3) रेशम फ़ाइबर केटरपिलर द्वारा स्रावित प्रोटीन होते हैं ।

(4) रेशम कीट के कोकून से रेशम का धागा प्राप्त किया जाता है ।

| | |
|---|---|
| ***IMPORTANT : Candidates have to do Question Nos. 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).*** | **महत्त्वपूर्ण : परीक्षार्थियों को प्रश्न *संख्या 31* से *90* या तो भाग - *II* (गणित व विज्ञान) या भाग - *III* (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।** |

## PART - III / भाग - III

## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान)

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**31. Consider the statements A, B, C about Autumn season in India and choose the correct answer :**

**A. This season is also known as the south-west monsoon season.**

**B. Winds blow from the Bay of Bengal and Arabian sea towards the land in this season.**

**C. This season is marked by the onset and advance of monsoon.**

(1) A and B are true, C is false.

(2) A and C are true, B is false.

(3) B and C are true, A is false.

(4) A, B, C all are false.

**32. Which of the following rivers form the 'Sunderban Delta' ?**

(1) Ganga and Brahmaputra

(2) Narmada and Tapi

(3) Mahanadi and Godavari

(4) Krishna and Kaveri

**33. Identify the atmospheric layer from the given features A and B :**

**A. Meteorites burn up in this layer on entering from the space.**

**B. Temperature declines with increasing height in this layer.**

(1) Troposphere

(2) Stratosphere

(3) Mesosphere

(4) Thermosphere

**34. Insolation is associated with**

(1) Air pressure

(2) Seasonal winds

(3) Solar energy

(4) Exosphere and its gases

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनिए ।

**31. भारत में शरद ऋतु के संबंध में कथन A, B और C पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।**

**A. इस मौसम को दक्षिण–पश्चिम मानसून के नाम से भी जाना जाता है ।**

**B. इस मौसम में पवन, बंगाल की खाड़ी तथा अरब सागर से स्थल की ओर बहती है ।**

**C. यह मौसम मानसून के आने तथा आगे बढ़ने का मौसम है ।**

(1) A और B सही हैं, C गलत है ।

(2) A और C सही हैं, B गलत है ।

(3) B और C सही हैं, A गलत है ।

(4) A, B और C सभी गलत हैं ।

**32. निम्नलिखित में से कौन सी नदियाँ 'सुन्दरबन डेल्टा' का निर्माण करती हैं ?**

(1) गंगा एवं ब्रह्मपुत्र

(2) नर्मदा एवं तापी

(3) महानदी एवं गोदावरी

(4) कृष्णा एवं कावेरी

**33. दिए गए लक्षणों A और B के आधार पर वायुमंडलीय परत की पहचान करें :**

**A. अंतरिक्ष से प्रवेश करने वाले उल्का–पिंड इस परत में आने पर जल जाते हैं ।**

**B. इस परत में बढ़ती ऊँचाई के साथ तापमान घटता है ।**

(1) क्षोभमंडल (2) समतापमंडल

(3) मध्यमंडल (4) बाह्यमंडल

**34. आतपन का सम्बन्ध है**

(1) वायु दाब के साथ

(2) मौसमी पवनों के साथ

(3) सूर्य ऊर्जा के साथ

(4) बहिर्मंडल और उसमें होने वाली गैसों के साथ

35. **Match the following with appropriate choices :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **a.** | **Coniferous forests** | **i.** | **Eastern margin of the continents** |
| **b.** | **Mediterranean vegetation** | **ii.** | **Hardwood trees** |
| **c.** | **Tropical evergreen forests** | **iii.** | **Softwood evergreen trees** |
| **d.** | **Temperate evergreen forests** | **iv.** | **West and south-west margin of the continents** |

(1) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(2) a-iii, b-iv, c-ii, d-i
(3) a-iii, b-ii, c-iv, d-i
(4) a-i, b-iv, c–ii, d-iii

36. **Consider the two statements and choose the correct option :**
**Statement (A) : Sahara once used to be a lush green plain.**
**Statement (B) : Cave painting in sahara depicts rivers, crocodiles, elephants, lions, cattle and goats.**
(1) (A) is false, but (B) is true.
(2) (A) is true, but (B) is false.
(3) Both (A) and (B) are true.
(4) Both (A) and (B) are false.

37. **Consider the statements A, B, C on dolphin and choose the correct answer :**
**A. Dolphins are found in the fresh water of river Ganga and Brahmaputra.**
**B. Dolphin sanctuary is located in the state of Bihar.**
**C. The presence of dolphin is an indicator of the health of the river.**
(1) A, B, C all are correct.
(2) A and C are correct but B is incorrect.
(3) B and C are correct but A is incorrect.
(4) A and B are correct but C is incorrect.

35. **उचित विकल्पों के साथ निम्नलिखित का मिलान कीजिए :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **a.** | **शंकुधारी वन** | **i.** | **महाद्वीपों का पूर्वी किनारा** |
| **b.** | **भूमध्यसागरीय वनस्पति** | **ii.** | **दृढ़ काष्ठ वाले वृक्ष** |
| **c.** | **उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन** | **iii.** | **नरम काष्ठ वाले सदाबहार वृक्ष** |
| **d.** | **शीतोष्ण सदाबहार वन** | **iv.** | **महाद्वीपों का पश्चिमी एवं दक्षिणी–पश्चिमी किनारा** |

(1) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(2) a-iii, b-iv, c-ii, d-i
(3) a-iii, b-ii, c-iv, d-i
(4) a-i, b-iv, c–ii, d-iii

36. **दिये गये दोनों कथनों पर ध्यान दें और उचित विकल्प का चयन करें :**
**कथन (A) : सहारा रेगिस्तान एक समय में पूर्णतया हरा–भरा मैदान था।**
**कथन (B) : सहारा की गुफाओं से प्राप्त चित्र नदियाँ, मगर, हाथी, शेर, पशु तथा बकरियाँ दर्शाते हैं।**
(1) (A) गलत है, परन्तु (B) सही है।
(2) (A) सही है, परन्तु (B) गलत है।
(3) (A) और (B) दोनों सही हैं।
(4) (A) और (B) दोनों गलत हैं।

37. **डॉल्फिन के बारे में दिए गए A, B और C कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :**
**A. गंगा और ब्रह्मपुत्र नदी के अलवण जल में डॉल्फिन पाई जाती है।**
**B. डॉल्फिन अभयारण्य बिहार राज्य में अवस्थित है।**
**C. डॉल्फिन की उपस्थिति से जल की शुद्धता का पता चलता है।**
(1) A, B और C तीनों सही हैं।
(2) A और C सही हैं, परन्तु B गलत है।
(3) B और C सही हैं, परन्तु A गलत है।
(4) A और B सही हैं, परन्तु C गलत है।

**38. Biogas is essentially a mixture of**

(1) Methane and Carbon dioxide
(2) Methane and Nitrogen
(3) Methane and Hydrogen
(4) Methane and Helium

**39. Consider the statements A and B about resources and choose the correct answer.**

**A. All resources have economic value.**
**B. Time and technology are two important factors that can change substance into resource.**

(1) A is false, but B is true.
(2) A is true, but B is false.
(3) Both A & B are true and B is the correct explanation of A.
(4) Both A & B are true but B is not a correct explanation of A.

**40. Choose the correct group of conventional sources of energy from the following :**

(1) Oil, natural gas, firewood
(2) Coal, firewood, biogas
(3) Hydel power, geothermal energy, tidal energy
(4) Nuclear energy, solar energy, hydel power

**41. Match the types of natural resources (B) with their classification (A) :**

| A (Classification Basis) | B (Resource Type) |
|---|---|
| **a. Level of development & use** | **i. Actual & Potential** |
| **b. Origin** | **ii. Biotic & Abiotic** |
| **c. Distribution** | **iii. Ubiquitous and localised** |
| **d. Stock** | **iv. Renewable and Non-renewable** |

(1) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(2) a-ii, b-i, c-iv, d-iii
(3) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(4) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

**38. बायोगैस अनिवार्य रूप से निम्न में से किन का मिश्रण है ?**

(1) मिथेन और कार्बन डाइऑक्साइड
(2) मिथेन और नाइट्रोजन
(3) मिथेन और हाइड्रोजन
(4) मिथेन और हीलियम

**39. संसाधन के बारे में कथन A और B पर विचार करें और सही उत्तर का चयन करें।**

**A. सभी संसाधनों का आर्थिक मूल्य होता है।**
**B. समय और प्रौद्योगिकी दो महत्त्वपूर्ण कारक हैं जो पदार्थों को संसाधन में परिवर्तित कर सकते हैं।**

(1) A गलत है, परन्तु B सही है।
(2) A सही है, परन्तु B गलत है।
(3) A और B दोनों सही हैं और B सही व्याख्या करता है A की।
(4) A और B दोनों सही हैं परन्तु B सही व्याख्या नहीं है A की।

**40. निम्न में से ऊर्जा के परंपरागत स्रोत के समूह की पहचान कीजिए :**

(1) खनिज तेल, प्राकृतिक गैस, ईंधन
(2) कोयला, ईंधन, बायोगैस
(3) जल–विद्युत, भू–तापीय ऊर्जा, ज्वारीय ऊर्जा
(4) परमाणु ऊर्जा, सौर ऊर्जा, जल–विद्युत

**41. प्राकृतिक संसाधनों के प्रकार को उनके वर्गीकरण के साथ मिलान करें :**

| A (वर्गीकरण का आधार) | B (संसाधन के प्रकार) |
|---|---|
| **a. विकास व प्रयोग का स्तर** | **i. वास्तविक और संभाव्य** |
| **b. उद्गम** | **ii. जैव और अजैव** |
| **c. वितरण** | **iii. सर्वव्यापक और स्थानिक** |
| **d. भंडार** | **iv. नवीकरणीय और अनवीकरणीय** |

(1) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(2) a-ii, b-i, c-iv, d-iii
(3) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(4) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

42. **Statement (A) : Around 12,000 years ago, a shift to relatively warmer conditions led to development of grasslands in many areas in India.**
**Statement (B) : There was an increase in the number of deer, antelopes, goat, sheep and cattle.**
(1) (A) is true but (B) is false.
(2) (A) is false but (B) is true.
(3) Both (A) and (B) are true and (B) is the reason for (A).
(4) Both (A) and (B) are true but (B) is not the reason for (A).

43. **Which of the following is true in the context of 'sites' ?**
**A. These are places where remains of past were found.**
**B. These are found only on earth's surface.**
**C. These are found only buried under the earth.**
**D. They are never found under sea or a river.**
(1) A only
(2) A and B only
(3) A, B and C only
(4) D only

44. **The Harappans made**
**A. Seals out of stone**
**B. Pots with yellow designs**
**C. Spindle whorls made of iron**
**D. Gold vessels**
(1) A and C only
(2) A and D only
(3) A, B and C only
(4) B, C and D only

45. **A megalithic burial had remains of two skeletons. An appropriate way for figuring out a female's skeleton from among the two would be to look at**
**A. the bone structures**
**B. the ornaments on the skeletons**
**C. size of the skeletons**
**D. utensils for cooking food found with skeletons.**
(1) only A
(2) only A and B
(3) only A and C
(4) only D

42. **कथन (A) : लगभग 12,000 साल पहले भारत में, कई क्षेत्रों में गर्मी बढ़ने के कारण घास वाले मैदान बनने लगे।**
**कथन (B) : हिरण, बारहसिंघा, बकरी, भेड़ और मवेशी जैसे जानवरों की संख्या बढ़ी।**
(1) (A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(2) (A) गलत है, किन्तु (B) सही है।
(3) (A) एवं (B) दोनों सही हैं और (A) का कारण (B) है।
(4) (A) एवं (B) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का कारण (B) नहीं है।

43. **'पुरास्थलों' के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सही है ?**
**A. वह स्थान जहाँ वस्तुओं के अवशेष मिलते हैं।**
**B. ये केवल जमीन के ऊपर ही पाए जाते हैं।**
**C. ये केवल जमीन के अन्दर ही पाए जाते हैं।**
**D. ये समुद्र और नदी के तल में कभी नहीं पाए जाते हैं।**
(1) केवल A
(2) केवल A और B
(3) केवल A, B और C
(4) केवल D

44. **हड़प्पा सभ्यता के लोग बनाते थे :**
**A. पत्थर की मुहरें।**
**B. पीले रंग से डिज़ाइन किए गए पात्र।**
**C. लोहे से बनी तकलियाँ।**
**D. सोने से बने बर्तन।**
(1) केवल A तथा C
(2) केवल A तथा D
(3) केवल A, B तथा C
(4) केवल B, C तथा D

45. **एक महापाषाण कब्र में दो कंकालों के अवशेष थे। इन दोनों में से महिला के कंकाल का अनुमान लगाने हेतु देखना होगा :**
**A. हड्डियों की संरचना**
**B. कंकालों के साथ मिले आभूषण**
**C. कंकालों के आकार**
**D. कंकालों के साथ मिले खाना पकाने के बर्तन।**
(1) केवल A
(2) केवल A तथा B
(3) केवल A तथा C
(4) केवल D

46. **Arrange the following in ascending order starting from the earliest period**

- **A.** **Beginning of the composition of the Vedas**
- **B.** **Beginning of the building of megaliths.**
- **C.** **Settlements of Farmers at Inamgaon**
- **D.** **Charaka**

(1) A, B, C, D
(2) B, C, D, A
(3) C, D, B, A
(4) D, C, B, A

47. **Arrange the following in descending order (backward) starting from the recent period :**

- **A.** **Increase in the use of iron, cities, punch marked coins.**
- **B.** **Beginning of the use of iron in the subcontinent.**
- **C.** **Settlement in Arikamedu port**
- **D.** **Beginning of the composition of Sangam literature.**

(1) A, C, B, D
(2) A, B, C, D
(3) C, D, A, B
(4) C, D, B, A

48. **Statement (A) : Chola temples were the hub of religious, social and cultural life.**

**Statement (B) : Chola bronze images were of deities but sometimes also of devotees.**

(1) (A) is true, but (B) is false.
(2) (A) is false, but (B) is true.
(3) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A).
(4) Both (A) and (B) are true, but (B) is not the correct explanation of (A).

46. **प्रारंभिक काल से शुरू करके आरोही क्रम में निम्नलिखित को सजाएँ :**

- **A.** **वेदों की रचना की शुरुआत**
- **B.** **महापाषाणों के निर्माण की शुरुआत**
- **C.** **इनामगाँव में कृषकों का निवास**
- **D.** **चरक**

(1) A, B, C, D
(2) B, C, D, A
(3) C, D, B, A
(4) D, C, B, A

47. **हाल के काल से शुरू करके अवरोही क्रम (उलटा) में निम्नलिखित को सजाएँ :**

- **A.** **लोहे के प्रयोग में बढ़ोतरी, नगर, आहत सिक्के ।**
- **B.** **उपमहाद्वीप में लोहे के प्रयोग की शुरुआत ।**
- **C.** **अरिकामैडु पत्तन में बसना ।**
- **D.** **संगम साहित्य की रचना की शुरुआत ।**

(1) A, C, B, D
(2) A, B, C, D
(3) C, D, A, B
(4) C, D, B, A

48. **कथन (A) : चोल मंदिर धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक जीवन के केन्द्र थे ।**

**कथन (B) : चोल काँस्य प्रतिमाएँ देवी देवताओं की थी पर कुछ प्रतिमाएँ भक्तों की भी थी ।**

(1) (A) सही है, किन्तु (B) गलत है ।
(2) (A) गलत है, किन्तु (B) सही है ।
(3) (A) एवं (B) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (B) है ।
(4) (A) एवं (B) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (B) नहीं है ।

49. **Statement (A) : The authors of 'tawarikhs' during the Delhi Sultans advised on preserving an ideal social order based on 'birthright' and 'gender distinctions'.**

**Statement (B) : Their ideas were shared by everybody.**

(1) (A) is true but (B) is false.
(2) (A) is false but (B) is true.
(3) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A).
(4) Both (A) and (B) are true, but (B) is not the correct explanation of (A).

50. **Statement (A) : Raziya changed her name on her inscriptions and pretended she was a man.**

**Statement (B) : Authors of tawarikhs used social and gender differences to argue that men are superior to women.**

(1) (A) is true, but (B) is false.
(2) (A) is false, but (B) is true.
(3) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A).
(4) Both (A) and (B) are true but (B) is not the correct explanation of (A).

51. **Statement (A) : Akbar, Jahangir and Shahjahan followed the idea of Sulh-i-Kul (universal peace) as principles of governance.**

**Statement (B) : Akbar's interactions with people connected with faiths, made him realise that religious scholars who emphasised rituals and dogmas were often bigots.**

(1) (A) is true, but (B) is false.
(2) (A) is false, but (B) is true.
(3) Both (A) and (B) are true and (B) is the reason for (A).
(4) Both (A) and (B) are true but (B) is not the reason for (A).

49. **कथन (A) : दिल्ली के सुलतानों के समय 'तवारीख' के लेखकों ने 'जन्मसिद्ध अधिकार' और 'लिंगभेद' पर आधारित आदर्श समाज व्यवस्था बनाए रखने की सलाह दी।**

**कथन (B) : उनके विचारों से सारे लोग सहमत होते थे।**

(1) (A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(2) (A) गलत है, किन्तु (B) सही है।
(3) (A) तथा (B) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (B) है।
(4) (A) एवं (B) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (B) नहीं है।

50. **कथन (A) : रज़िया ने अपने अभिलेखों में अपना नाम पुरुषों जैसा लिखकर अपने पुरुष होने का भ्रम पैदा किया।**

**कथन (B) : तवारीख के लेखकों ने सामाजिक तथा लिंगभेद को आधार बनाकर यह तर्क दिया कि पुरुष स्त्रियों की तुलना में श्रेष्ठ होते हैं।**

(1) (A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(2) (A) गलत है, किन्तु (B) सही है।
(3) (A) एवं (B) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (B) है।
(4) (A) एवं (B) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (B) नहीं है।

51. **कथन (A) : अकबर, जहाँगीर और शाहजहाँ ने सुलह–ए–कुल (सर्वत्र शांति) के विचार को शासन का सिद्धांत बनाया।**

**कथन (B) : विभिन्न धर्मों से जुड़े हुए व्यक्तियों के साथ विचार–विमर्श से अकबर की समझ बनी कि जो विद्वान धार्मिक रीति और मतांधता पर बल देते हैं, वे अकसर कट्टर होते हैं।**

(1) (A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(2) (A) गलत है, किन्तु (B) सही है।
(3) (A) एवं (B) दोनों सही हैं और (A) का कारण (B) है।
(4) (A) एवं (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) का कारण (B) नहीं है।

**52. Statement (A) : Under the Delhi Sultans and the Mughals, the hierarchy between social classes decreased.**

**Statement (B) : The tribal societies were not divided into numerous unequal classes.**

(1) (A) is true, but (B) is false.

(2) (A) is false, but (B) is true.

(3) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A).

(4) Both (A) and (B) are true, but (B) is not the correct explanation of (A).

**53. Statement (A) : Bahadur Shah Zafar wrote letters to all the chiefs and rulers to organise a confederacy of Indian states to fight the British.**

**Statement (B) : Bahadur Shah Zafar's decision to bless the rebellion of 1857 changed the entire situation dramatically.**

(1) (A) is true but (B) is false.

(2) (A) is false, but (B) is true.

(3) Both (A) and (B) are true and (B) was ensured because of (A).

(4) Both (A) and (B) are true but (A) has no relationship with (B).

**54. Which of the following is FALSE in the context of women, caste and reform during the colonial period ?**

(1) Pandita Ramabai founded a widow's home at Poona.

(2) The knowledge of ancient texts helped the reformers promote new laws.

(3) Vidyasagar suggested that widows could remarry.

(4) Prarthana Samaj drew only upon Hindu texts.

**52. कथन (A) : दिल्ली के सुलतानों और मुगलों के काल में श्रेणीबद्ध समाज ज्यादा सरल हो गया ।**

**कथन (B) : जनजातीय समाज कई असमान वर्गों में विभाजित नहीं था ।**

(1) (A) सही है, किन्तु (B) गलत है ।

(2) (A) गलत है, किन्तु (B) सही है ।

(3) (A) एवं (B) दोनों सही हैं और (A) का सही स्पष्टीकरण (B) है ।

(4) (A) एवं (B) दोनों सही हैं, किन्तु (A) का सही स्पष्टीकरण (B) नहीं है ।

**53. कथन (A) : बहादुर शाह ज़फ़र ने मुखियाओं और शासकों को चिट्ठी लिखकर अंग्रेजों से लड़ने के लिये भारतीय राज्यों का एक संघ बनाने का आह्वान किया ।**

**कथन (B) : बहादुर शाह ज़फ़र के 1857 के बगावत को अपना समर्थन देने के फैसले ने स्थिति रातोंरात पीड़ित बगावतियों के पक्ष में बदल दी ।**

(1) (A) सही है, किन्तु (B) गलत है ।

(2) (A) गलत है, किन्तु (B) सही है ।

(3) (A) और (B) दोनों सही हैं एवं (A) ने (B) को सुनिश्चित किया ।

(4) (A) और (B) दोनों सही हैं, किन्तु (A) और (B) के बीच कोई सम्बन्ध नहीं है ।

**54. औपनिवेशिक काल के दौरान महिलाएँ, जाति एवं सुधार के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प गलत है ?**

(1) पंडिता रमाबाई ने पूना में एक विधवागृह की स्थापना की ।

(2) प्राचीन ग्रंथों के ज्ञान से सुधारकों को नए कानून बनवाने में मदद मिली ।

(3) विद्यासागर ने विधवा-विवाह का सुझाव दिया ।

(4) प्रार्थना समाज ने केवल हिंदू ग्रंथों पर विचार-विमर्श किया ।

**55. The state of Telangana was earlier part of which state of India ?**

(1) Madhya Pradesh

(2) Karnataka

(3) Maharashtra

(4) Andhra Pradesh

**56. Consider the following statements and select the option that indicates the correct role of media in a democracy :**

**A. It should provide information to citizens through news.**

**B. It should provide the point of view of the advertiser, through its news programmes.**

**C. It must discuss the views of all sections.**

(1) Only A and B

(2) Only B and C

(3) Only A and C

(4) A, B and C

**57. Which of the following advertisements is not an example of gender stereotype ?**

(1) A girl playing football in an advertisement for a sports shoe.

(2) A mother making tea in an advertisement for a tea brand.

(3) A woman doing makeup in an advertisement for a lipstick.

(4) A woman being dropped by her husband to office in an advertisement for a car.

**55. तेलंगाना राज्य पहले भारत के किस राज्य का हिस्सा था ?**

(1) मध्य प्रदेश

(2) कर्नाटक

(3) महाराष्ट्र

(4) आंध्र प्रदेश

**56. निम्नलिखित कथनों पर ध्यान दें और लोकतंत्र में संचार माध्यम की सही भूमिका का चयन करें :**

**A. इसे समाचार के माध्यम से नागरिकों को सूचना पहुँचानी चाहिये ।**

**B. इसे विज्ञापक के दृष्टिकोण को समाचार कार्यक्रमों के माध्यम से देनी चाहिये ।**

**C. इसे हर दृष्टिकोण की चर्चा करनी चाहिये ।**

(1) केवल A और B

(2) केवल B और C

(3) केवल A और C

(4) A, B और C

**57. निम्नलिखित में से कौन सा विज्ञापन रूढ़िवादी चित्रण (जेंडर–स्टीरीओटाइप) का उदाहरण नहीं हैं ?**

(1) स्पोर्ट्स जूते के विज्ञापन में एक लड़की फुटबॉल खेलती हुई ।

(2) चाय के विज्ञापन में एक माँ का सुबह चाय बनाना ।

(3) लिपस्टिक के विज्ञापन में एक महिला का मेक–अप करना ।

(4) गाड़ी के विज्ञापन में एक महिला को पति द्वारा ऑफिस (दफ़्तर) छोड़ा जाना ।

**58. Identify the continent from the given features A and B :**

**A. It is the smallest continent that lies entirely in the Southern Hemisphere.**

**B. It is also called an 'Island continent'.**

(1) Antarctica

(2) Australia

(3) South America

(4) Africa

**59. As we move away from the sun in the solar system,**

(1) time taken by planets to complete one orbit around the sun increases.

(2) time taken by planets to complete one orbit around the sun decreases.

(3) size of the planets decreases gradually.

(4) planets very close to the sun are made up of gases and liquids and the planets far away from the sun are made up of rocks.

**60. Imagine if the earth is not inclined towards the plane of its orbit, then**

**A. the circle of illumination will match with longitudinal lines.**

**B. the circle of illumination will match with latitudinal lines.**

**C. there will be no seasonal variation in a particular region.**

**D. there will be more seasonal variation in a particular region.**

**Choose the correct option.**

(1) A and C

(2) A and D

(3) B and C

(4) B and D

**58. दिए गए लक्षणों A और B के आधार पर महाद्वीप की पहचान करें :**

**A. यह विश्व का सबसे छोटा महाद्वीप है जो पूरी तरह से दक्षिणी गोलार्ध में स्थित है ।**

**B. इसे 'द्वीपीय महाद्वीप' भी कहा जाता है ।**

(1) अंटार्कटिका

(2) ऑस्ट्रेलिया

(3) दक्षिण अमेरिका

(4) अफ्रीका

**59. सौर मण्डल में हम जैसे–जैसे सूर्य से दूर जाते हैं,**

(1) ग्रहों द्वारा सूर्य के चारों ओर एक परिक्रमण करने की अवधि बढ़ती जाती है ।

(2) ग्रहों द्वारा सूर्य के चारों ओर एक परिक्रमण करने की अवधि घटती जाती है ।

(3) ग्रहों का आकार क्रमश: घटता जाता है ।

(4) सूर्य के बहुत नजदीक के ग्रह गैस और तरल पदार्थों से बने होते हैं और सूर्य से बहुत दूर स्थित ग्रह चट्टानों से बने होते हैं ।

**60. कल्पना करें यदि पृथ्वी अपने कक्षीय समतल की ओर नहीं झुकी होती तो,**

**A. प्रदीप्ति वृत्त और देशांतर रेखाएँ एक दूसरे से मिल जाती ।**

**B. प्रदीप्ति वृत्त और अक्षांशीय रेखाएँ एक दूसरे से मिल जाती ।**

**C. किसी क्षेत्र विशेष में कोई मौसमी परिवर्तन नहीं होता ।**

**D. किसी क्षेत्र विशेष में ज्यादा मौसमी परिवर्तन होता ।**

**सही विकल्प का चयन करें ।**

(1) A और C

(2) A और D

(3) B और C

(4) B और D

61. **A Gram Panchayat is elected for a term of how many years in India ?**
(1) 5
(2) 6
(3) 4
(4) 3

62. **What is the designation of the person in-charge of a police station ?**
(1) Station House Officer
(2) Police Superintendent
(3) Officer on Special Duty
(4) Home Inspector

63. **The Amendment brought about in 2005 to the Hindu Succession Act provided for which of the following ?**
(1) Right of minority communities to open religious schools.
(2) Right of women to have an equal share in family property.
(3) Right of Hindu community to have special laws governing marriage.
(4) Right of men to protect themselves from paying compensation after divorce.

64. **Who is considered as the final interpreter of the Indian Constitution ?**
(1) President of India
(2) Parliament
(3) Judiciary
(4) Attorney General

65. **The (Prevention of Atrocities) Act, 1989 was enacted to provide justice to which of the following communities ?**
(1) Dalits and Minorities
(2) Minorities and Tribals
(3) Tribals and Dalits
(4) Only Minorities

66. **A political system having more than one level of government can be described as ________.**
(1) Secular
(2) Liberal
(3) Republican
(4) Federal

61. **भारत में, ग्राम पंचायत कितने वर्षों के कार्यकाल के लिए चुना जाता है ?**
(1) पाँच
(2) छह
(3) चार
(4) तीन

62. **पुलिस थाने के प्रभारी का पदनाम क्या है ?**
(1) स्टेशन हाउस अफसर
(2) पुलिस अधीक्षक
(3) अफसर ऑन स्पेशल ड्यूटी
(4) होम इंस्पेक्टर

63. **हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम में लाए गए 2005 के संशोधन ने निम्नलिखित में से क्या मुहैया करवाया ?**
(1) अल्पसंख्यक समुदायों का धार्मिक विद्यालय खोलने का अधिकार।
(2) महिलाओं का पारिवारिक संपत्ति में बराबर हिस्सेदारी का अधिकार।
(3) हिन्दू समुदाय का विवाह संबंधी विशिष्ट कानून का अधिकार।
(4) पुरुषों का तलाक के बाद मुआवज़ा देने की जिम्मेदारी से सुरक्षा का अधिकार।

64. **भारतीय संविधान की व्याख्या का अंतिम अर्थनिर्णायक किसे माना जाता है ?**
(1) भारत के राष्ट्रपति
(2) संसद
(3) न्यायपालिका
(4) अटॉर्नी जनरल

65. **(अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 को निम्नलिखित में से कौन से समुदाय को न्याय दिलाने के लिए पारित किया गया था ?**
(1) दलित एवं अल्पसंख्यक
(2) अल्पसंख्यक एवं आदिवासी
(3) आदिवासी एवं दलित
(4) केवल अल्पसंख्यक

66. **ऐसी राजनैतिक व्यवस्था जिसमें एक से ज्यादा स्तर की सरकार हो उसे _____ कहा जा सकता है।**
(1) धर्मनिरपेक्ष
(2) उदारवादी
(3) गणतंत्रात्मक
(4) संघवाद

**67. Which of the following policies promotes social justice ?**

**A. Reservation of seats in government employment for listed dalit candidate.**

**B. Enacting Minimum Wages Act**

(1) Only A

(2) Only B

(3) Both A and B

(4) Neither A nor B

**68. In a discussion on architecture of New Delhi, a teacher should focus on discussing :**

(1) how tourists look at the buildings.

(2) how to view the buildings from a distance.

(3) superiority of its style over Old Delhi

(4) how it asserted British importance and created sense of awe

**69. The teaching of History must be done with the focussed objective of**

(1) transmitting what happened in the pasts.

(2) memorising how it happened in the pasts.

(3) identifying issues which are relevant in the present.

(4) developing performing abilities of the learners.

**70. What can be the purpose of introducing current affairs in social science classroom ?**

**A. Promote interest in the issues of the country.**

**B. Develop skills of analysis and critical evaluation.**

**C. Build interest in the subject by providing sensational news.**

**D. Help the learner relate school learning to life outside of school.**

**Choose the correct option :**

(1) A, B, C are true.

(2) A, B, D are true.

(3) A, C, D are true.

(4) B, C, D are true.

**67. निम्नलिखित में से कौन सी नीति सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करती है ?**

**A. सरकारी नौकरियों में सूचीगत दलित जाति के उम्मीदवार को आरक्षण देना ।**

**B. न्यूनतम मेहनताना कानून पारित करना ।**

(1) केवल A

(2) केवल B

(3) A और B दोनों

(4) A और B दोनों ही नहीं

**68. नई दिल्ली के वास्तुशैली की चर्चा में एक शिक्षक को केन्द्रित करना चाहिये :**

(1) कैसे पर्यटक इमारतों को देखते हैं ।

(2) इमारतों को दूर से कैसे देखा जाना चाहिए ।

(3) उसकी शैली पुरानी दिल्ली की शैली से कैसे श्रेष्ठ है ।

(4) कैसे यह ब्रिटिश महत्ता और विस्मय का भाव पैदा करता है ।

**69. इतिहास शिक्षण का उद्देश्य केन्द्रित होना चाहिए :**

(1) भूतकाल में क्या घटित हुआ, यह बताना ।

(2) भूतकाल में यह कैसे घटित हुआ, यह याद रखना ।

(3) उन मुद्दों की पहचान करना जो वर्तमान में भी प्रासंगिक हैं ।

(4) अधिगमकर्त्ताओं में क्रियात्मक क्षमता विकसित करना ।

**70. समसामयिक मुद्दों को सामाजिक विज्ञान की कक्षा में लाने के क्या उद्देश्य होने चाहिए ?**

**A. देश से जुड़े मुद्दों के प्रति रुचि को बढ़ावा देना ।**

**B. विश्लेषण और आलोचनात्मक मूल्यांकन करने का कौशल विकसित करना ।**

**C. सनसनीखेज़ ख़बर मुहैया कराकर विषय के प्रति रुचि पैदा करना ।**

**D. विद्यालय परिसर के अधिगम और विद्यालय के बाहर की दुनिया को जोड़ने में अधिगमकर्ता की मदद करना ।**

**सही विकल्प का चयन करें :**

(1) A, B, C सही हैं ।

(2) A, B, D सही हैं ।

(3) A, C, D सही हैं ।

(4) B, C, D सही हैं ।

**71. The objective of discussing 'equality' in a social science classroom is to**

**A. address issues of dignity with the learners.**

**B. sensitize learners towards respecting everyone.**

**C. build upon values enshrined in the Constitution.**

**D. explain that all differences leads to inequality.**

**Choose the correct option :**

(1) A, B, C are true.

(2) A, B, D are true.

(3) A, C, D are true.

(4) B, C, D are true.

**72. In order to address the diversity that exists in the class and in society, a social science teacher needs to**

**A. include examples of multiple cultures in the class discussions.**

**B. take up only examples that are relevant to the majority.**

**C. encourage students to share their personal experiences in the class.**

**Choose the correct option :**

(1) A and C are true.

(2) B and C are true.

(3) Only B is true.

(4) A and B are true.

**73. Assessment in social science should emphasise :**

(1) identification of learners who are failing.

(2) testing learners writing abilities in the class.

(3) measuring retention of information by learners.

(4) evaluation of learners ability to extrapolate their learning to various life situations.

**71. सामाजिक विज्ञान की कक्षा में 'समानता' पर चर्चा करते समय उद्देश्य होना चाहिए :**

**A. अधिगमकर्त्ताओं के साथ गरिमा से जुड़े मुद्दों को संबोधित करना ।**

**B. सभी का सम्मान करने के प्रति अधिगमकर्त्ताओं को संवेदनशील बनाना ।**

**C. संविधान में परिलक्षित मूल्यों पर आधारित होना ।**

**D. यह समझाना कि हर तरह का अंतर असमानता की तरफ ले जाता है ।**

**सही विकल्प का चयन करें :**

(1) A, B, C सही हैं ।

(2) A, B, D सही हैं ।

(3) A, C, D सही हैं ।

(4) B, C, D सही हैं ।

**72. कक्षा और समाज में व्याप्त विविधता को संबोधित करने के लिए सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को चाहिए कि :**

**A. विभिन्न संस्कृतियों से जुड़े उदाहरणों को कक्षा की चर्चा में शामिल करें ।**

**B. केवल उन्हीं उदाहरणों को लेना जो अधिकांश बहुमत के लिये प्रासंगिक हो ।**

**C. अपने व्यक्तिगत अनुभवों को कक्षा में साझा करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित करें ।**

**सही विकल्प का चयन करें :**

(1) A और C सही हैं ।

(2) B और C सही हैं ।

(3) केवल B सही है ।

(4) A और B सही हैं ।

**73. सामाजिक विज्ञान में आंकलन को बल देना चाहिए :**

(1) उन अधिगमकर्त्ताओं की पहचान करना जो असफल हो रहे हैं ।

(2) अधिगमकर्त्ताओं की कक्षा में लेखन की क्षमता को जाँचना ।

(3) अधिगमकर्त्ताओं के सूचना को याद रखने का मापन करना ।

(4) अपने अधिगम को विभिन्न दैनिक परिस्थितियों से जोड़ने की अधिगमकर्त्ताओं की क्षमता का मूल्यांकन करना ।

**74. An example of secondary source is**

(1) C.A. Bayly's An Illustrated History of Modern India

(2) James Mill's A History of British India

(3) Constitution of India

(4) Painting by Abanindranath Tagore

**75. To discuss on women's education in colonial India, students could refer to the following autobiography :**

(1) Tarabai Shinde's Stripurushtulna

(2) Rashsundari Devi's Amar Jiban

(3) Rokeya Sakhawat Hossain's Sultana's Dream

(4) Sattanar's Manimekalai

**76. The teaching of Geography should develop perspectives related to issues concerning**

**A. Resources and Conservation**

**B. Development and Displacement**

**C. Challenges to Unity in Diversity**

**D. Human Development**

**Choose the correct option :**

(1) only A and B

(2) only A and D

(3) A, B and C

(4) A, B and D

**77. An active social science classroom would encourage learners to**

(1) keep discussions minimal

(2) be focussed on reading the textbook

(3) listen to the lectures and rely on what is being shared.

(4) participate in challenging projects.

**74. द्वितीयक स्रोत का उदाहरण है :**

(1) सी.ए. बेली द्वारा लिखित एन इलस्ट्रेटेड हिस्ट्री ऑफ मॉडर्न इंडिया

(2) जेम्स मिल द्वारा लिखित ए हिस्ट्री ऑफ ब्रिटिश इंडिया

(3) भारत का संविधान

(4) अबनिन्द्रनाथ टैगोर की पेंटिंग

**75. औपनिवेशिक भारत में स्त्री शिक्षा पर चर्चा करने के लिए विद्यार्थी निम्न आत्मकथाओं में से किसको संदर्भित कर सकते हैं ?**

(1) ताराबाई शिंदे कृत स्त्री-पुरुष तुलना

(2) राससुंदरी देवी कृत आमार जीबान

(3) रूकैया सखावत हुसैन कृत सुल्ताना का स्वप्न

(4) सत्तनार कृत मनिमेकलई

**76. भूगोल शिक्षण को किन मुद्दों से जुड़े संदर्भ में परिप्रेक्ष्य का विकास करना चाहिए :**

**A. संसाधन और संरक्षण**

**B. विकास और विस्थापन**

**C. विविधता में एकता से जुड़ी चुनौतियाँ**

**D. मानव विकास**

**सही विकल्प का चयन करें :**

(1) केवल A और B

(2) केवल A और D

(3) A, B और C

(4) A, B और D

**77. एक सक्रिय सामाजिक विज्ञान की कक्षा अधिगमकर्त्ताओं को प्रेरित करती हैं :**

(1) चर्चाओं को न्यूनतम रखना ।

(2) पाठ्य-पुस्तक के पठन पर केन्द्रित होना ।

(3) व्याख्यान को सुनना और साझा किए गए पर निर्भर रहना ।

(4) चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट में भागीदार बनना ।

**78. Which of the following are true about End-Text questions ?**

**A. Encourage learners to explain concepts in their own words and debating on issues.**

**B. Project work, compare and contrast are types of end-text questions.**

**C. Expands on the learners' understanding of concepts and relate with what has been taught earlier.**

**Choose the correct option :**

(1) A, B and C are true.

(2) A and B are true.

(3) A and C are true.

(4) B and C are true.

**79. The social and political life textooks :**

**A. Include definitions and descriptions of socio-political issues.**

**B. Portray institutions and processes as if they functioned as envisioned in the Constitution**

**C. Provide diverse concrete examples of people and regions.**

**Choose the correct option :**

(1) A and B

(2) A and C

(3) B and C

(4) A, B and C

**80. After narrating Dr. Ambedkar's experience on the way to Koregaon, a teacher asks, 'Do you think people at the station discriminated against Dr. Ambedkar and his brothers ?'**

**In this question, which skill is the teacher emphasising ?**

(1) comparing experiences

(2) infer from situations

(3) cause and effect

(4) hypothesizing situation

**78. अध्याय के अंत में दिए गए प्रश्नों के बारे में निम्न में से कौन से कथन सही हैं ?**

**A. ये विद्यार्थियों को अवधारणाओं को अपने शब्दों में बताने और मुद्दों पर वाद–विवाद करने के लिए प्रेरित करता है।**

**B. प्रोजेक्ट कार्य, तुलना और विभेद करना अध्याय के अंत में दिए गए प्रश्नों के प्रकार हैं।**

**C. ये अधिगमकर्त्ताओं में कक्षा में पहले पढ़ाई गई अवधारणाओं की समझ विस्तृत करता है।**

**सही विकल्प का चयन करें :**

(1) A, B और C सही हैं।

(2) A और B सही हैं।

(3) A और C सही हैं।

(4) B और C सही हैं।

**79. सामाजिक और राजनीतिक जीवन की पाठ्यपुस्तकों में :**

**A. सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों की परिभाषाएँ और विवरण दिया गया है।**

**B. संस्थाओं और प्रक्रियाओं को ऐसे चित्रित किया गया है जैसे कि वे उसी तरह कार्यान्वित हैं जैसा संविधान में उनकी कल्पना की गई है।**

**C. लोगों व क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न ठोस उदाहरणों को प्रस्तुत किया गया है।**

**सही विकल्प का चयन करें :**

(1) A और B

(2) A और C

(3) B और C

(4) A, B और C

**80. डॉ. अम्बेडकर के कोरेगाँव जाते हुए अनुभव का वर्णन करते हुए, एक शिक्षक पूछते हैं, "क्या आपको लगता है स्टेशन पर लोगों ने डॉ. अम्बेडकर और उनके भाईयों के प्रति भेदभाव किया ?"**

**इस प्रश्न में शिक्षक किस कौशल पर जोर दे रहे हैं ?**

(1) अनुभवों की तुलना करना।

(2) परिस्थितियों से अनुमान लगाना।

(3) कारण और प्रभाव।

(4) परिस्थिति के बारे में परिकल्पना बनाना।

**81. To introduce the theme 'Markets', which would be the best pedagogical method ?**

(1) textbook reading and discussion.

(2) inviting a shopkeeper for an interview to the class.

(3) showing pictures of various markets.

(4) locating major markets around the school on a map.

**82. 'This is the glory of God,**
**Defilement exists within.**
**The body is polluted from within,**
**Be sure of it says the Mahari Chokha'**

**As a teacher, how would you interpret this poem and discuss with your learners ?**

(1) Human purity is fixed at birth.

(2) Human purity is determined by the work we do.

(3) Human purity is determined by our thoughts and beliefs.

(4) Human purity can be achieved by seeking God's blessing.

**83. Social Science curriculum at the upper primary stage focuses on :**

**A. Understanding earth as the habitat of life forms**

**B. Studying own region, state and country**

**C. Studying India's past and current development**

**Choose the correct option :**

(1) only A

(2) only A and B

(3) A, B and C

(4) only A and C

**81. 'बाज़ार' विषय का परिचय देने के लिए कौन सी शिक्षणशास्त्रीय विधि सर्वोत्तम हो सकती है ?**

(1) पाठ्यपुस्तक का पठन और चर्चा करना ।

(2) एक दुकानदार को कक्षा में साक्षात्कार के लिए आमंत्रित करना ।

(3) विभिन्न प्रकार के बाज़ारों से जुड़े चित्रों को दिखाना ।

(4) मानचित्र में स्कूल के आस-पास के बाज़ारों को इंगित करना ।

**82. 'यही है उस ईश्वर की महिमा**
**इसलिए दूषण है भीतर**
**दूषित है काया भीतर से**
**इसमें कोई भ्रम न रखना**
**महारी चोखा का है यह कहना ।'**

**एक शिक्षक के तौर पर, आप इस कविता का विश्लेषण और अपने अधिगमकर्त्ताओं से चर्चा कैसे करेंगे ?**

(1) मानवीय शुद्धता जन्म से निर्धारित होती है ।

(2) मानवीय शुद्धता हम जो काम करते हैं, उससे निर्धारित होती है ।

(3) मानवीय शुद्धता हमारे विचार और विश्वास से निर्धारित होती है ।

(4) मानवीय शुद्धता को ईश्वर की कृपा से पाया जा सकता है ।

**83. सामाजिक विज्ञान की पाठ्यचर्या उच्च प्राथमिक स्तर पर केन्द्रित करता है :**

**A. पृथ्वी के जीवन के आवास के रूप में समझ बनाना ।**

**B. अपने क्षेत्र, राज्य और देश पर अध्ययन करना ।**

**C. भारत के अतीत और सामयिक विकास का अध्ययन करना ।**

**सही विकल्प का चयन करें :**

(1) केवल A

(2) केवल A और B

(3) A, B और C

(4) केवल A और C

84. **Using a globe and a source of light, teacher can demonstrate the following concepts :**

**A. Rotation**

**B. Day – Night**

**C. Seasonal Variations**

**D. Distribution of Rainfall**

**Choose the correct option;**

(1) A, B and C

(2) A, B and D

(3) A, C and D

(4) B, C and D

85. **As a teacher, you can make interlinkages while discussing 'Iron smelters and factory owners', a theme in History with which one of the following chapters of geography textbook ?**

**A. Mineral Resources**

**B. Industries**

**C. Power Resources**

**D. Inside our earth**

**Choose the correct option :**

(1) A, B and C

(2) A, B and D

(3) A, C and D

(4) B, C and D

86. **In a city school, the best method to introduce 'Types of Forests' in a geography class would be to**

(1) organize a field visit to a forest near to the school.

(2) make a PowerPoint presentation on forests in the region.

(3) screen a documentary on different types of forests.

(4) divide learners into small groups to work on types of forests.

84. **ग्लोब और प्रकाश स्रोत का इस्तेमाल करके एक शिक्षक निम्न में से किन अवधारणाओं को दर्शा सकता है ?**

**A. परिक्रमण**

**B. दिन–रात**

**C. मौसमी परिवर्तन**

**D. वर्षा का वितरण**

**सही विकल्प का चयन करें :**

(1) A, B और C

(2) A, B और D

(3) A, C और D

(4) B, C और D

85. **एक शिक्षक के तौर पर आप इतिहास के 'लोहा बनाने वाले और फैक्ट्री मालिक' विषय पर चर्चा करते समय भूगोल की पाठ्यपुस्तक के किस अध्याय के साथ इसका अंतर्संबंध स्थापित कर सकते हैं ?**

**A. खनिज संसाधन**

**B. उद्योग**

**C. ऊर्जा संसाधन**

**D. हमारे पृथ्वी के अंदर**

**सही विकल्प का चयन करें :**

(1) A, B और C

(2) A, B और D

(3) A, C और D

(4) B, C और D

86. **एक शहर के स्कूल में, भूगोल की कक्षा में 'वनों के प्रकार' विषय का परिचय देने के लिए सर्वोत्तम विधि होगी :**

(1) विद्यालय के समीप वन का क्षेत्र भ्रमण का आयोजन करना ।

(2) क्षेत्र में पाये जाने वाले वनों पर पावर–प्वाइंट प्रेजेन्टेशन बनाना ।

(3) विभिन्न प्रकार के वनों पर आधारित डॉक्यूमेन्टरी दिखाना ।

(4) वनों के प्रकार पर कार्य करने के लिए अधिगमकर्त्ताओं को छोटे समूहों में बाँटना ।

**87. To develop practical skills among learners while discussing 'earthquakes' teacher should focus upon**

(1) Types of earthquakes

(2) Precautions during earthquake

(3) Present cases of earthquakes

(4) An activity on earth's movement

**88. The local people of the Tawa reservoir area organised to demand which right related to their livelihood in the 1990s ?**

(1) Cultivation rights

(2) Fishing rights

(3) Horticulture rights

(4) Commercial Forestry rights

**89. Choose the description that best represents diversity from among the following.**

(1) It leads to discrimination among people.

(2) It leads to similarity of people.

(3) It accepts differences among people.

(4) It accepts inequality among people.

**90. In the context of democracy in India, which of the following statements is false ?**

(1) A small section of Indian population could vote even before independence of India.

(2) India adopted representative democracy after independence.

(3) In India people participate indirectly in the working of the government.

(4) The first general election after independence was held in 1950.

**87. 'भूकंप' पर चर्चा के दौरान व्यावहारिक कौशल अधिगमकर्त्ताओं में विकसित करने हेतु शिक्षक को बल देना चाहिये :**

(1) भूकंप के प्रकार

(2) भूकंप के दौरान बरती जाने वाली सावधानियाँ

(3) हालिया भूकंपीय घटना पर चर्चा करना।

(4) भूकंप से जुड़ी गतिविधि का प्रदर्शन करना।

**88. तवा बाँध क्षेत्र के स्थानीय लोग 1990 के दशक में अपने जीवनयापन से जुड़े कौन से अधिकार के लिये संगठित हुए ?**

(1) खेती करने का अधिकार

(2) मछली पकड़ने का अधिकार

(3) उद्यान कृषि का अधिकार

(4) व्यावसायिक वनपालन का अधिकार

**89. निम्नलिखित में से कौन सी व्याख्या विविधता का उचित प्रतीक है ?**

(1) यह लोगों के बीच भेदभाव बढ़ाता है।

(2) यह लोगों के बीच एकरूपता बढ़ाता है।

(3) यह लोगों के विशिष्टता को स्वीकारता है।

(4) यह लोगों के बीच असमानता को स्वीकारता है।

**90. भारतीय लोकतंत्र के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है ?**

(1) भारतीय जनता का एक छोटा हिस्सा भारतीय स्वतंत्रता से पहले भी मतदान कर सकता था।

(2) स्वतंत्रता के बाद भारत ने प्रतिनिधि लोकतंत्र को अपनाया।

(3) भारत में सरकार को लोग अप्रत्यक्ष रूप से चलाते हैं।

(4) भारत में पहला आम चुनाव 1950 में हुआ था।

## PART – IV
## LANGUAGE – I
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – IV (Q. No. 91-120),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – I** only.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos. 91 – 99) that follow by selecting the correct/most appropriate options :**

The very nature of the mind is restlessness. It cannot stay at one place or hold one thought for long. For every thought that appears, there are comments, judgements and associations. Thinking is a continuous activity with the mind jumping from one thought to another from morning till night. Like clouds in the sky or waves in the ocean, thoughts appear and disappear as if in ceaseless activity.

However, all thoughts that pass through our mind do not affect us. But we get affected when our ego is hit. Then the mind whirls and creates a tornado of restlessness within. A variety of probable scenarios crop up 'how dare he insult me; what does she think of herself ? Where I am not respected, I will not go; if he speaks thus, I will reply so'. And so it goes on and on.

We have an inbuilt filter in our mind which chooses the types of thoughts or subjects that we like to brood upon. We are not born with this filter but we acquire it over the years with the kind of books we read, the company we keep and the subjects we are interested in.

That is why some people are obsessed with football, cricket or fashion while others could not care less for such things. This filter is built day by day by our actions, suggestions, teachings and influence of others. We can ultimately choose our own filter. So let us learn to build our filter wisely and strengthen it daily.

**91. Thoughts affect us when our**

(1) job is affected.

(2) sleep is disturbed.

(3) learning is affected.

(4) pride is hurt.

**92. Read the following statements :**

**A. Our reading decides the filter in our minds.**

**B. The filter in our mind controls our likes but not dislikes.**

(1) Both A and B are correct.

(2) Both A and B are incorrect.

(3) A is correct and B is incorrect.

(4) A is incorrect and B is correct.

**93. Which of the following statements is incorrect ?**

(1) Each one of us has an inborn filter in our mind.

(2) We like to be respected when we go somewhere.

(3) The filter in our minds influences our actions.

(4) Our thoughts do not remain stuck at one point.

**94. Which part of speech is the underlined word in the following expression ?**

**'But we get affected'**

(1) Verb

(2) Adjective

(3) Adverb

(4) Particle

**95. Which part of speech is the underlined word in the following expression ?**

**'It cannot stay at <u>one</u> place.'**

(1) Determiner

(2) Pronoun

(3) Particle

(4) Adverb

**96. 'as if in <u>ceaseless</u> activity'**

**The word 'ceaseless' means**

(1) permanent

(2) continuous

(3) temporary

(4) flawless

**97. 'creates a <u>tornado</u> of restlessness'**

**The word 'tornado' here means**

(1) waterfall

(2) confusion

(3) storm

(4) mixture

**98. Thoughts are compared to**

(1) comments

(2) judgements

(3) associations

(4) clouds

**99. The process of thinking continues from**

(1) day to day

(2) week to week

(3) morning to night

(4) year to year

**Directions : Read the poem given below and answer the questions (Q. Nos. 100 – 105) that follow by selecting the correct/most appropriate options :**

That time of year thou mayst in me behold,
When yellow leaves, or none, or few do hang
Upon those boughs which shake against the cold
Bare ruined choirs, where late the sweet birds sang.

In me thou seest the twilight of such day,
As after sunset fadeth in the west,
Which by and by black night doth take away,
Death's second self that seals up all in rest.

In me thou seest the glowing of such fire,
That on the ashes of his youth doth lie,
As the death-bed, whereon it must expire,
Consumed with that which it was nourished by.

This thou perceiv'st, which makes thy love more strong,
To love that well, which thou must leave ere long.

**100. The poet's life, today, is like ______ season.**

(1) spring

(2) autumn

(3) winter

(4) summer

**101. In this season the branches have ________ leaves.**

**(i) few**

**(ii) no**

(1) only (i)

(2) only (ii)

(3) either (i) or (ii)

(4) neither (i) nor (ii)

**102. What did the branches of the trees enjoy earlier ?**

(1) a ruined group of singers

(2) sweet songs of birds

(3) bright light of the sun

(4) darkness after the sunset

**103. What does 'Death's second self' stand for ?**

(1) sleep that gives rest

(2) a dying fire

(3) ashes of one's youth

(4) setting sun

**104. 'That on the <u>ashes of his youth</u> doth lie',**

**Which figure of speech has been used in the underlined phrase ?**

(1) Simile

(2) Metaphor

(3) Personification

(4) Alliteration

**105. The theme of the poem is**

(1) the idea of death

(2) the change of seasons

(3) love

(4) songs of the birds

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** options.

**106. What are the three components of PPP model of teaching ?**

(1) Present – Practice – Produce

(2) Product – Practice – Present

(3) Pre-teaching – Practice teaching – Produce result

(4) Pre – conception – Practice by teacher – Post conception

**107. A teacher of class VIII discussed 'determiners' in her classroom through a short text in which determiners occur many times and learners were made to notice them in use. This was followed by learners using the same in their own language for particular purposes. Teacher then brought to the notice of the learners, the uses of determiners in contexts. What strategy did the teacher employ in her classroom ?**

(1) Structured teaching

(2) Consciousness raising

(3) Task based language teaching

(4) Communical language teaching

**108. A teacher found some of the aspects of language learning e.g. reading with understanding a text on scientific concepts. She decided to pick students who find it difficult on the particular aspects. She took separate session for them to support them read and understand such text. What is she trying to do here ?**

(1) Remedial teaching

(2) Higher Order skills

(3) Thinking skills

(4) Feedback teaching

**109. A teacher wanted her students to learn vocabulary effectively. Which of the following ways should she adopt to teach vocabulary in her classroom ?**

(1) Write all the new words on the blackboard and write their meanings in the language of teaching.

(2) Ask her learners to underline the difficult words in a lesson and find their meanings in their language,

(3) Ask them to find the meanings of the words in the dictionary.

(4) Ask them to group the words into meaningful categories and use them in real life purposes.

**110. A reader gets the hints based on sound-symbol correspondences to decode and comprehend the text. What is this known as ?**

(1) Graphic cues

(2) Graphophonic cues

(3) Metalinguistic cues

(4) Syntactic cues

**111. India's language-in-education policy is known as ________.**

(1) National language formula

(2) Three language formula

(3) Language in education

(4) Official language policy

**112. What is the following activity known as in vocabulary learning ?**

**Find words which can befriend the word 'rain'. e.g. heavy rain.**

(1) Collocation

(2) Phrase

(3) Word groups

(4) Word web

**113. A teacher asks her learners to join sentences to make a short paragraph, inserting supplied connectors and coherence markers like (but, and, however, because, although, etc.)**

**What is this approach to writing known as ?**

(1) Control composition

(2) Controlled-to-free writing approach

(3) Free-writing approach

(4) Communicative approach

**114. An assessment done at the end of six months of one term is ________.**

(1) Summative assessment

(2) Formative assessment

(3) Semester assessment

(4) Remedial assessment

**115. A teacher asks her learners of class VIII to read a novel by an Indian author and asks them to write an essay giving their views on the novel. What is this known as a reading activity ?**

(1) Intensive reading

(2) Extensive reading

(3) Reading for information

(4) Scanning

**116. A teacher selected a text from a newspaper and dropped every fifth word and asked her learners to supply the missing words. What is a test known as ?**

(1) A cloze test

(2) Fill in the blanks

(3) Complete the comprehensible paragraph

(4) Writing test

**117. Multilingualism as a strategy is**

(1) using the languages of learners for teaching-learning of languages and content subjects.

(2) teaching-learning of at least three languages and content in mother tongue.

(3) teaching of all subjects in English medium and teaching Indian languages as a language.

(4) teaching of a foreign language along with Indian languages through the medium of the state language.

**118. Denotative meaning of a word is _________.**

(1) factual meaning or basic meaning

(2) much more than what a word actually means

(3) figurative meaning

(4) grammatical meaning

**119. 'We acquire … language by understanding input that is a little beyond our current level of (acquired) competence.' What is this pedagogical concept known as ?**

(1) Output hypothesis

(2) Interaction hypothesis

(3) Input hypothesis

(4) Thinking hypothesis

**120. What is the status given to English by the Indian Constitution ?**

(1) Official Language

(2) Associate Official Language

(3) National Language

(4) Link Language

## भाग – IV
## भाषा – I
## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – IV (प्र.सं. 91 से 120)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – I** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न 91 से 99 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए :**

खेल की कक्षा शुरू हुई तो एक दुबली-पतली लड़की शिक्षक से ओलिंपिक रेकॉर्ड्स के बारे में सवाल पूछने लगी । इस पर कक्षा में सभी छात्र हँस पड़े । चार साल की उम्र में ही उसे पोलियो हो गया था । शिक्षक ने भी व्यंग्य किया, 'तुम खेलों के बारे में जानकर क्या करोगी ? तुम तो ठीक से खड़ी भी नहीं हो सकती, फिर ओलिंपिक से तुम्हारा क्या मतलब ? तुम्हें कौन-सा खेलों में भाग लेना है जो यह सब जानना चाहती हो ।' उदास होकर लड़की चुपचाप बैठ गई । सारी क्लास उस पर देर तक हँसती रही । घर जाकर उसने माँ से पूछा, 'क्या मैं दुनिया की सबसे तेज़ धावक बन सकती हूँ ?' उसकी माँ ने उसे प्रेरित किया और कहा, 'तुम कुछ भी कर सकती हो । इस संसार में नामुमकिन कुछ भी नहीं है ।'

अगले दिन जब खेल पीरियड में उसे बाकी बच्चों से अलग बिठाया गया, तो उसने कुछ सोचकर बैसाखियाँ सँभाली और दृढ़ निश्चय के साथ बोली, 'सर, याद रखिएगा, अगर लगन सच्ची और इरादे बुलंद हों, तो सब कुछ संभव है ।' सभी ने इसे भी मज़ाक में लिया और उसकी बात पर ठहाका लगाया ।

अब वह लड़की तेज़ चलने के अभ्यास में जुट गई, वह कोच की सलाह पर अमल करने लगी, अच्छी और पौष्टिक खुराक लेने लगी । कुछ दिनों में उसने अच्छी तरह चलना, फिर दौड़ना सीख लिया । उसके बाद वह छोटी-मोटी दौड़ में हिस्सा लेने लगी । अब कई लोग उसकी मदद के लिए आगे आने लगे । वे उसका उत्साह बढ़ाते । उसके हौंसले बुलंद होने लगे । उसने 1960 के ओलिंपिक में 100 मीटर, 200 मीटर और 4 × 100 रिले में वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाकर सबको आश्चर्यचकित कर दिया । ओलिंपिक में इतिहास रचने वाली वह बालिका थी अमेरिका की प्रसिद्ध धाविका विल्मा रूडोल्फ ।

**91. शिक्षक के उत्तर से उसके बारे में धारणा बनती है कि वह –**

(1) सत्यवादी था ।

(2) प्रेरक था ।

(3) कठोर था ।

(4) हितैषी था ।

**92. लड़की के अनुसार सब कुछ संभव है, यदि हो**

(1) सच्ची प्रेरणा और अच्छा प्रशिक्षक

(2) सच्ची लगन और ऊँचा इरादा

(3) कठोर परिश्रम और सबल शरीर

(4) बुलंद हौंसला और ईश्वर की कृपा

**93. गद्यांश में निहित मुख्य संदेश है _____**

(1) किसी का मज़ाक उड़ाना ठीक नहीं ।

(2) शिक्षक को दयालु होना चाहिए ।

(3) सफलता के लिए लगन और परिश्रम आवश्यक है ।

(4) शारीरिक अक्षमता वाले लोगों को अधिक परिश्रम करना पड़ता है ।

**94. 'आश्चर्य-चकित' का विग्रह होगा –**

(1) आश्चर्य में चकित

(2) आश्चर्य और चकित

(3) आश्चर्य से चकित

(4) आश्चर्य है जो चकित

**95. 'व्यंग्य किया' का सबसे उपयुक्त अर्थ होगा –**

(1) उपहास किया

(2) निकाल दिया

(3) डाँट लगाई

(4) ताना मारा

**96. 'पौष्टिक खुराक' में दोनों शब्द हैं, क्रमश:**

(1) तत्सम – तद्भव

(2) तद्भव – तत्सम

(3) देशज – आगत

(4) तत्सम – आगत

**97. 'तुम्हें कौन–सा खेलों में भाग लेना है …….' भावार्थ की दृष्टि से देखें तो उपर्युक्त वाक्य है –**

(1) निषेधार्थक वाक्य

(2) विस्मयार्थक वाक्य

(3) प्रश्नार्थक वाक्य

(4) विधानार्थक वाक्य

**98. लड़की के सवाल पूछने पर छात्र हँस पड़े, क्योंकि लड़की –**

(1) खेलना नहीं जानती थी ।

(2) खेल नहीं सकती थी ।

(3) खेलना नहीं चाहती थी ।

(4) बहुत छोटी थी ।

**99. आपके विचार से लड़की को सफलता की सबसे बड़ी प्रेरणा किसने दी ?**

(1) उसके शिक्षक ने

(2) उसके सहपाठियों ने

(3) उसकी माँ ने

(4) उसके प्रशिक्षक ने

**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं. 100 से 105 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

दिशाएँ निमंत्रण मुझे दे रही हैं,
सफलता का यह द्वार मेरे लिए है ।।
न अवरोध कोई न बाधा कहीं है,
न संदेह कोई न व्यवधान कोई ।
अटल एक विश्वास मन में भरा है,
नहीं पथ–डगर आज अनजान कोई ।।
हृदय में कहीं कह रहा बात कोई,
धरा औ गगन सिर्फ़ तेरे लिए है ।।
नहीं कुछ यहाँ जो मुझे रोक पाए,
न कोई यहाँ जो मुझे टोक पाए ।
अजानी हवा में बहे जा रहा हूँ
मुझे आज लगता कि मैं वह नहीं हूँ ।।
रही जगमगा इंद्रधनुषी दिशाएँ,
दिगंतर मदिर रस अलौकिक पिए हैं ।।

**100. दिशाएँ कवि को क्यों बुला रही हैं ?**

(1) कविता पाठ करने के लिए

(2) अनजान रास्तों से बचने के लिए

(3) संदेह दूर करने के लिए

(4) सफलता प्राप्त करने के लिए

**101. कवि को अपनी सफलता पर अटल विश्वास क्यों है ?**

(1) उसे कोई रुकावट नहीं दिखाई देती ।

(2) दिशाएँ उसे बुला रही हैं ।

(3) उसे रोक–टोक करने वाला कोई नहीं है ।

(4) सफलता पाना बहुत सरल है ।

**102. किस पंक्ति से प्रतीत होता है कि कवि का व्यक्तित्व बदल गया है ?**

(1) अटल एक विश्वास मन में भरा है ।

(2) अजानी हवा में बहे जा रहा हूँ ।

(3) नहीं कुछ यहाँ जो मुझे रोक पाए ।

(4) मुझे आज लगता कि मैं वह नहीं हूँ ।

**103. व्याकरण की दृष्टि से 'इंद्रधनुषी' शब्द है –**

(1) संज्ञा

(2) सर्वनाम

(3) विशेषण

(4) क्रियाविशेषण

**104. अर्थ की दृष्टि से शेष से भिन्न शब्द को पहचानिए –**

(1) डगर

(2) अवरोध

(3) व्यवधान

(4) बाधा

**105. कविता का केंद्रीय स्वर है –**

(1) उत्साह और आत्मविश्वास

(2) बाधाएँ और विघ्न

(3) सुनसानी और अनजानापन

(4) कर्म और प्रेरणा

**निर्देश – नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :**

**106. गद्य शिक्षण में अपेक्षित <u>नहीं</u> है –**

(1) भाषा की बारीकियाँ समझना

(2) कल्पनाशीलता का विकास

(3) तार्किक शक्ति का विकास

(4) अनुकरण क्षमता का विकास

**107. हिंदी भाषा की पाठ्य–पुस्तकों में हिंदीतर भाषाओं की रचनाओं को भी स्थान मिलना चाहिए ताकि –**

(1) बच्चों को हिंदीतर रचनाकारों की जानकारी मिल जाए ।

(2) बच्चे हिंदीतर रचनाओं की भाषिक विशेषताओं से परिचित हो सकें ।

(3) बच्चे हिंदीतर भाषाओं पर अपनी पकड़ बना सकें ।

(4) बच्चे हिंदीतर भाषाओं के व्याकरण से परिचित हो सकें ।

**108. उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी भाषा शिक्षण का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है –**

(1) हिंदी भाषा की नियमबद्ध प्रकृति को पहचानना ।

(2) हिंदी भाषा के व्याकरण को कंठस्थ करना ।

(3) हिंदी भाषा के प्रसिद्ध रचनाकारों को जानना ।

(4) हिंदी भाषा की प्रसिद्ध रचनाओं को जानना ।

**109. भाषण, परिचर्चा, संवाद, बच्चों की _____ क्षमता का विकास करने में सहायक हैं ।**

(1) लिखित अभिव्यक्ति

(2) मौखिक अभिव्यक्ति

(3) कल्पनाशीलता

(4) अनुकरण

**110. गद्य रचना को पद्य में रूपांतरित करना और पद्य को गद्य में रूपांतरित करना _____ में मदद करता है ।**

(1) साहित्य के सर्वोत्कृष्ट सृजन

(2) अभ्यास–प्रश्नों को गढ़ने

(3) भाषायी संरचनाओं पर अधिकार

(4) भाषा–व्याकरण पर अधिकार

**111. आठवीं कक्षा में हिंदी भाषा सीखने–सिखाने के लिए आप किस सामग्री को सर्वाधिक महत्त्व देंगे ?**

(1) पाठ्य–पुस्तक

(2) साहित्यिक सामग्री

(3) व्याकरण की पुस्तक

(4) पोस्टर

**112. आप छठी कक्षा के बच्चों के लिए हिंदी भाषा सीखने–सिखाने की किस पद्धति का समर्थन करेंगे ?**

(1) जिसमें बच्चों को बोलने के अवसर मिलें ।

(2) जिसमें बच्चों को पाठ्य–पुस्तक बिलकुल न पढ़नी हो ।

(3) जिसमें बच्चे परस्पर अंत: क्रिया करते हैं ।

(4) जिसमें बच्चे केवल लेखन कार्य करते हैं ।

**113. त्रिभाषा सूत्र के अनुसार स्कूल में पहली भाषा जो पढ़ाई जाए वह ____ हो या ____ भाषा ।**

(1) मातृभाषा, क्षेत्रीय

(2) मातृभाषा, हिंदी

(3) हिंदी, अंग्रेज़ी

(4) अंग्रेज़ी, विदेशी

**114. व्याकरण पढ़ाने की आगमन विधि _____ पर सर्वाधिक बल देती है ।**

(1) नियमों

(2) परिभाषा

(3) उदाहरणों

(4) मानकता

**115. भाषा के संदर्भ में संचार माध्यमों का प्रयोग न केवल सामाजिक संवेदनाएँ विकसित करता है बल्कि _____ को समझने में मदद करता है ।**

(1) विभिन्न माध्यमों की जानकारी

(2) विभिन्न माध्यमों में प्रयुक्त भाषा

(3) विभिन्न माध्यमों के उपयोग

(4) विभिन्न माध्यमों की आर्थिक स्थिति

**116. कहानियों की विभिन्न शैलियों पर की गई चर्चा बच्चों को _____ में मदद करती है ।**

(1) व्याकरण समझने

(2) कहानियाँ रचने

(3) कहानी के तत्त्वों को याद करने

(4) कहानियों की कमियाँ बताने

**117. संदर्भ में व्याकरण किस पर बल देता है ?**

(1) पाठ के अंत में समस्त व्याकरणिक बिंदुओं को स्पष्ट करने पर ।

(2) पाठ के दौरान आए समस्त व्याकरणिक बिंदुओं की परिभाषा बताने पर ।

(3) पाठ के अंत में दिए समस्त भाषा–अभ्यास को पूर्ण करवाने पर ।

(4) पाठ पढ़ाते समय प्रसंगवश आने वाले व्याकरणिक बिंदुओं को स्पष्ट करने पर ।

**118. प्रत्येक भाषा शिक्षक को इस बात की जानकारी ज़रूर होनी चाहिए कि उसकी कक्षा के बच्चों की _____ पृष्ठभूमि क्या है ।**

(1) आर्थिक व सामाजिक

(2) सामाजिक व व्यावसायिक

(3) भाषिक व सांस्कृतिक

(4) सांस्कृतिक व आर्थिक

**119. सातवीं कक्षा में पढ़ाने वाले ऋषभ ने बच्चों को 'जल संरक्षण' पर आधारित सरकार द्वारा जारी पोस्टर दिखाया और चर्चा की । ऋषभ द्वारा प्रयुक्त सामग्री है**

(1) अनुपयोगी

(2) मनोरंजक

(3) कृत्रिम

(4) प्रामाणिक

**120. कविता–शिक्षण के समय शिक्षक द्वारा ऐसे प्रश्नोत्तर पर बल देना चाहिए –**

(1) जिनके उत्तर सरल हों ।

(2) जिनके उत्तर विभिन्न हों ।

(3) जिनका एक ही उत्तर हो ।

(4) जिनका उत्तर पुस्तक में दिया हो ।

## PART – V
## LANGUAGE – II
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – V (Q. No. 121-150),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – II** only.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos. 121 – 128) that follow by selecting the correct/most appropriate options :**

The richness of her childhood experience came from living a life, which embraced tradition on one hand and exposure to the world of change, of questioning and questing on the other. Her father's progressive ideas, his involvement in bringing about change in the restricted Brahminical society, his encouragement of Kamaladevi to follow her own inclinations and yet give her an opportunity to study in a school and participate in all the social functions with which he was involved, as a Senior Revenue Official, gave her confidence. The example of her grandmother, who lived the life of a scholar and fearless woman, who travelled alone without any fear of any social disapproval or adverse consequences, was a fitting example to Kamaladevi, who later travelled all over the world, often risking her life.

Girjabai, her mother was a dominant influence throughout her childhood and youth who set an example by overcoming all difficulties without a murmur. She discarded meaningless social customs and observances. She championed the cause of women. Her conviction was that a woman must educate herself, so that she could be independent and her insistence that Kamaladevi should not only study, but also participate in cultural activities and sports, enriched her daughter's life.

Kamaladevi went with her mother to Seva Sadan and saw her exhorting women even older than her to become literate. She heard her read to them from the newspapers, magazines and extracts from books by social reformers and nationalists, followed by discussions and saw their attitudes changing. Girjabai's love for music was shared by Kamaladevi and she was encouraged to learn North Indian and Carnatic music. This love of music was a great source of peace for Kamaladevi in her later years.

**121. Her father did not believe in**

(1) removing brahminical restrictions
(2) giving freedom to children
(3) allowing children to join the adults in their activities
(4) female education

**122. Which of the following statements is NOT correct of her grandmother ?**

(1) She believed that women should lead a secure life.
(2) She loved to read books.
(3) She was not afraid of social criticism.
(4) She travelled unescorted.

**123. Which of the following statements is correct about her mother ?**

(1) She struggled through life smilingly.
(2) She observed faithfully all the social customs.
(3) She preferred studies to sports.
(4) She did not believe in adult literacy.

**124. Study the following statements :**

**A. Kamaladevi's mother read to her from newspapers and magazines.**

**B. Music was a source of great comfort to her.**

(1) A is right and B is wrong.

(2) A is wrong and B is right.

(3) Both A and B are right.

(4) Both A and B are wrong.

**125. 'which <u>embraced</u> tradition'**

**The word 'embraced' here means**

(1) disused

(2) performed

(3) pleased

(4) followed

**126. 'an example by <u>overcoming</u> all difficulties'**

**The word 'overcoming' means**

(1) reaching

(2) not coming

(3) conquering

(4) over bearing

**127. 'living a life, <u>which</u> embraced tradition,**

**Which part of speech is the underlined word ?**

(1) Adjective

(2) Adverb

(3) Pronoun

(4) Determiner

**128. Which two contradictory kinds of experience did Kamaladevi have in her childhood ?**

(1) Questioning and Questing

(2) Tradition and Change

(3) Childlike and Adult

(4) Social and Individual

**Directions : Read the passage given below and answer the questions (Q. Nos. 129-135) that follow by selecting the correct / most appropriate options.**

The goal of independence was achieved in India through a prolonged struggle, during which, the far-sightedness of the leaders of the freedom movement resulted in giving a final shape to our social and economic goals to be achieved after freedom. This vision imagined to build a self-reliant nation through maximum utilization of the resources in men and materials, and the establishment of a noble and liberal society. It has been an article of faith amongst the policy planners in India that while economic strength determined the scope and quality of political freedom for millions, the quality of freedom depends on increased work and production in factories. It leads to just and equal distribution of wealth among the people so that the poor can also enjoy the benefit of freedom. This, it is recognized, is possible only through increased employment opportunities in the society.

In human terms, democracy means availability of equal opportunities to all the people irrespective of caste, creed, sex and religion to develop their personalities. It means access to education in Arts, Science and Humanities and also awareness of our age old values and traditions. It needs to be emphasized that the Indian policy has been based on a concern for the individual not only as a worker working for the economic development of the society but also as an end in itself.

In the Indian context, the concept of national development goes far beyond economic growth; it is concerned with the creation of a nation united in one purpose, of people speaking different languages, professing different religions and rooted in a variety of cultures.

**129. Our leaders' vision of independent India was based on**

(1) boycott of foreign goods

(2) development of defence forces

(3) economic self-reliance

(4) diversification of employment

**130. In addition to economic growth our society, as a consequence, also needs**

(1) development of countryside.

(2) to give importance to cultural variety.

(3) to pay attention to climatic changes.

(4) just and equitable distribution of wealth.

**131. Study the following statements :**

**A. Along with economic growth, we also want to develop a united nation with one aim.**

**B. A noble and liberal society depends entirely on economic wealth.**

(1) A is right and B is wrong.

(2) A is wrong and B is right.

(3) Both A and B are right.

(4) Both A and B are wrong.

**132. 'while economic strength <u>determined</u> the scope'**

**The word 'determined' means**

(1) established

(2) decried

(3) preferred

(4) rejected

**133. 'our social <u>and</u> economic goal'**

**Part of speech of the underlined word is**

(1) Pronoun

(2) Determiner

(3) Interjection

(4) Conjunction

**134. 'In the Indian context, the <u>concept</u> of' The word 'concept' means**

(1) Curiosity

(2) Idea

(3) Care

(4) Inception

**135. The Independence was achieved in India**

(1) through a long struggle

(2) by self-reliant leadership

(3) through violent means

(4) by making use of every resource available

**Directions :** Answer the following questions by selecting the **most appropriate** options.

**136. 'Habit formation through repetition' is a component of which method ?**

(1) Communicative approach

(2) Audio lingualism

(3) Task based language teaching

(4) Constructivism

**137. A teacher of class VII asks her learners to bring at least two or three objects from home and she asks them to exchange the objects among themselves. She now asks them to describe the objects in their hands in at least ten sentences. What are the objects known as in language teaching-learning materials ?**

(1) Realia

(2) Home objects

(3) Teachers materials

(4) Inputs for language learning

**138. Which one of following components is a process in the Top Down approach to teaching-learning of listening ?**

(1) Discriminating between intonation compounds

(2) Discriminating between phonemes

(3) Recognising prominent details

(4) Recognising the topic

**139. A teacher arranges her learners into pairs and give them a text of two paragraphs. One learner in the pair reads out the text to the other and the partner takes the dictation. Then the process is reversed. What is this known as ?**

(1) Jig-saw dictation

(2) Partial dictation

(3) Running dictation

(4) Composition dictation

**140. 'Mechanics' of language in speaking skills includes ________.**

(1) pronunciation, grammar and vocabulary

(2) clarity of message

(3) social and cultural rules of using language

(4) script, words and sentences

**141. Jatin Ragav is reading fast, looking for specific information in a machinery manual. What is this reading sub skill known as ?**

(1) Skimming

(2) Scanning

(3) Bottom up reading

(4) Critical reading

**142. Here are some sets of words in some pattern. Find what are these known as in teaching-learning of pronunciation ?**

**bit-bet, did-dead, hid-head, lid-lead, miss-mess, pin-pen, lock-luck**

(1) Contrastive pairs

(2) Comparable pairs

(3) Vowels

(4) Stress and intonation

**143. Words which one recognizes when one hears or sees them are ________.**

(1) Productive vocabulary

(2) Receptive vocabulary

(3) Explicit vocabulary

(4) Implicit vocabulary

**144. What does 'free-writing approach' to writing promote ?**

(1) Understanding of form and accuracy

(2) Grammatical accuracy

(3) Understanding of the content and fluency

(4) Syntax and language use

**145. 'Pedagogical Grammar' means that ________.**

(1) All grammar teaching should be rule focussed.

(2) Teaching grammar in context

(3) Begin from form and move on to use.

(4) Teaching through immersion

**146. Which one of the following is not advocated as an element for assessment in a poem ?**

(1) Poetic devices

(2) Theme of the poem

(3) Grammar

(4) Vocabulary

**147. A teacher asked her learners to watch a movie two days ago and now she asks them to have a discussion on what would they do, if they were the hero/heroine of the movie ? What is this assessment task known as ?**

(1) Extrapolative task

(2) Critical pedagogy

(3) Speaking task

(4) Thinking task

**148. What does fluency in reading mean ?**

(1) Ability to read a text at ease with expression.

(2) Ability to read a text without any mistake at all.

(3) Ability to interpret the text.

(4) Ability to read without any grammatical errors.

**149. Which of the following statements are true of languages in India ?**

**a. English is the official language of India.**

**b. Hindi is the national language of India.**

**c. Hindi is the official language of India.**

**d. English is the associate official language of India.**

(1) 'a' and 'b' are true.

(2) 'c' and 'd' are true.

(3) 'a' and 'd' are true.

(4) 'b' and 'c' are true.

**150. 'Declarative Knowledge' in learning grammar refers to ________.**

(1) knowing the rules of a grammatical item.

(2) knowing how to do a grammatical item.

(3) knowing the ideas and concepts in learning.

(4) knowing to use a dictionary

# भाग – V
# भाषा – II
# हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – V (प्र.सं. 121 से 150)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 121 से 128 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

घायल बाज़ फिर उड़ना चाहता था । उसने किसी तरह साहस बटोरकर उड़ान भरी और थोड़ी देर पंख फड़फड़ाकर उड़ने के बाद नीचे गिर गया । साँप ने भी ऊँचाई पर बने अपने खोखल से निकलकर अपने को आसमान में छोड़ दिया और नीचे जा गिरा । साँप कहने लगा –

"सो उड़ने का यही आनंद है – भर पाया मैं तो ! पक्षी भी कितने मूर्ख हैं । धरती के सुख से अनजान रहकर आकाश की ऊँचाइयों को नापना चाहते थे । किंतु अब मैंने जान लिया कि आकाश में कुछ नहीं रखा । केवल ढेर-सी रोशनी के सिवा वहाँ कुछ भी नहीं, शरीर को सँभालने के लिए कोई स्थान नहीं, कोई सहारा नहीं । फिर वे पक्षी किस बूते पर इतनी डींगें हाँकते हैं, किसलिए धरती के प्राणियों को इतना छोटा समझते हैं । अब मैं कभी धोखा नहीं खाऊँगा, मैंने आकाश देख लिया और खूब देख लिया । बाज़ तो बड़ी-बड़ी बातें बनाता था, आकाश के गुण गाते थकता नहीं था । उसी की बातों में आकर मैं आकाश में कूदा था । ईश्वर भला करे, मरते-मरते बच गया । अब तो मेरी यह बात और भी पक्की हो गई है कि अपनी खोखल से बड़ा सुख और कहीं नहीं है । धरती पर रेंग लेता हूँ, मेरे लिए यह बहुत कुछ है । मुझे आकाश की स्वच्छंदता से क्या लेना-देना ? न वहाँ छत है, न दीवारें हैं, न रेंगने के लिए ज़मीन है । मेरा तो सिर चकराने लगता है । दिल काँप-काँप जाता है । अपने प्राणों को खतरे में डालना कहाँ की चतुराई है ?"

साँप सोचने लगा कि बाज़ अभागा था जिसने आकाश की आज़ादी को प्राप्त करने में अपने प्राणों की बाज़ी लगा दी ।

किंतु कुछ देर बाद साँप के आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा । उसने सुना, चट्टानों के नीचे से एक मधुर, रहस्यमय गीत की आवाज़ उठ रही है । पहले उसे अपने कानों पर विश्वास नहीं हुआ । किंतु कुछ देर बाद गीत के स्वर अधिक साफ़ सुनाई देने लगे । वह अपनी गुफा से बाहर आया और चट्टान से नीचे झाँकने लगा । सूरज की सुनहरी किरणों में समुद्र का नीला जल झिलमिला रहा था । लोग मिलकर गा रहे थे –

"ओ निडर बाज़! शत्रुओं से लड़ते हुए तुमने अपना कीमती रक्त बहाया है । पर वह समय दूर नहीं है, जब तुम्हारे खून की एक-एक बूँद ज़िंदगी के अँधेरे में प्रकाश फैलाएगी और साहसी, बहादुर दिलों में स्वतंत्रता और प्रकाश के लिए प्रेम पैदा करेगी ।

तुमने अपना जीवन बलिदान कर दिया किंतु फिर भी तुम अमर हो । जब कभी साहस और वीरता के गीत गाए जाएँगे, तुम्हारा नाम बड़े गर्व और श्रद्धा से लिया जाएगा ।"

**121. "भर पाया मैं तो ……" साँप के इस कथन का आशय है –**

(1) देख लिया, अब नहीं देखूँगा ।

(2) मन भर गया, अब नहीं उड़ूँगा ।

(3) आनंद आ गया, अब बैठा रहूँगा ।

(4) समझ गया, अब धोखा नहीं खाऊँगा ।

**122. आकाश के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और वे कथन चुनिए जिन्हें साँप असत्य मानता है :**

(i) वहाँ ढेर सारी रोशनी है ।

(ii) वहाँ कोई आधार नहीं है ।

(iii) वहाँ सुख ही सुख है ।

(1) केवल (i)

(2) (i) और (ii)

(3) (ii) और (iii)

(4) केवल (iii)

**123. साँप सोचने लगा, "बाज़ अभागा था ......" क्योंकि –**

(1) उसने घायल अवस्था में भी उड़ना चाहा ।

(2) वह बहुत घायल हो गया था ।

(3) आज़ादी के लिए उसने जान की बाज़ी लगा दी ।

(4) प्रयास करने पर भी वह उड़ नहीं पाया ।

**124. साँप के आश्चर्य का ठिकाना न रहा, क्योंकि –**

(1) घायल बाज़ उड़ने लगा था ।

(2) सूरज की किरणों से समुद्री जल झिलमिला रहा था ।

(3) लोग बाज़ की वीरता के गीत गा रहे थे ।

(4) लोग साँप की समझदारी की प्रशंसा कर रहे थे ।

**125. "कीमती रक्त" में दोनों शब्द क्रमश: हैं –**

(1) विशेष्य, विशेषण

(2) विशेषण, विशेष्य

(3) संज्ञा, सर्वनाम

(4) उद्देश्य, विधेय

**126. 'ओ निडर बाज़ !'**

**उपर्युक्त पद में कारक की पहचान कीजिए**

(1) कर्ता कारक

(2) कर्म कारक

(3) संबंध कारक

(4) संबोधन कारक

**127. 'स्वतंत्रता' के पद परिचय के बारे में क्या उपयुक्त नहीं है ?**

(1) संज्ञा

(2) भाववाचक

(3) 'ता' उपसर्ग

(4) एकवचन

**128. घायल होते हुए भी बाज़ ने उड़ान भरी, क्योंकि –**

(1) उड़ना उसकी विवशता थी ।

(2) इससे वह शीघ्र अच्छा हो सकता था ।

(3) उसे मुक्त आकाश की स्वच्छंदता प्रिय थी ।

(4) उसे अपनी निडरता का प्रमाण देना था ।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न संख्या 129 से 135 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए :**

ज़िंदगी में धूप-छाँव के सिद्धांत को मानने वाले फूलों के साथ काँटों की मौजूदगी की शिकायत नहीं करते । यह संभव नहीं कि बिना अड़चन और चुनौतियों के दैनिक कार्य या विशेष कार्य संपन्न होते चले जाएँ । जो इन अप्रिय, अप्रत्याशित घटनाओं से जूझने के लिए स्वयं को तैयार नहीं रखेंगे उनके लिए जीवन अभिशाप बन जाएगा । वे पग-पग पर चिंतित और दुखी रहेंगे और संघर्षों के उपरांत मिलने वाले आनंद से वे वंचित रह जाएँगे । मुश्किल परिस्थितियों में संयत, धीर व्यक्ति भी विचलित हो सकता है । सन्मार्ग पर चलने वाले की राह में कम बाधाएँ नहीं आतीं ।

हम जीवित हैं तो कठिनाइयाँ, चुनौतियाँ आएँगी ही । किंतु स्मरण रहे, कठिनाइयों और बाधाओं का प्रयोजन हमें तोड़ना-गिराना नहीं बल्कि ये हमें सुदृढ़ करने के माध्यम हैं । बाधाओं का सकारात्मक पक्ष यह है कि कठिनाइयों से निबटने में उन कौशलों और जानकारियों का प्रयोग आवश्यक होता है जो सामान्य अवस्था में सुषुप्त, निष्क्रिय पड़ी रहती हैं और दुष्कर परिस्थितियों से जूझने पर ही सक्रिय स्थिति में आती हैं । सुधी जन को यह पता होता है । अमेरिकी रंगकर्मी और पत्रकार विल रोजर्स ने कहा, 'कठिनाई से उबरने का मार्ग इसी के बीच मिल जाता है ।' समस्याओं से नहीं जूझेंगे तो ये विशिष्ट कौशल स्थायी रूप से क्षीण हो जाएँगे तथा व्यक्ति समग्र तौर पर जीने में अक्षम हो जाएगा ।

हो सकता है कोई व्यक्ति एक तख्त पर सोते हुए कष्ट महसूस करे जबकि दूसरा व्यक्ति उसी तख्त को आरामदायक महसूस करे । मगर यह असमानता आरंभिक स्तर की है । आंतरिक या मूलगत भाव से एक व्यक्ति की दूसरे से कोई भी भिन्नता नहीं है ।

जिसका मन जितने विस्तृत क्षेत्र के विषयों की ओर भागता है उसके लिए मन को एकाग्र करना उतना ही मुश्किल होता है । लेकिन एक व्यक्ति के मन को आकर्षित करने वाली वस्तुएँ किसी अन्य मनुष्य को मानसिक स्तर पर प्रभावित कर सकती हैं और ऐसे ही किसी अन्य व्यक्ति की आध्यात्मिक यात्रा में मददगार भी साबित हो सकती हैं । इसी बिंदु पर यह बात समझने की है कि दूसरे के प्रति अपनी पवित्र या शुभ भावना के द्वारा हम अनेक व्यक्तियों की मानस तरंगों में परिवर्तन कर सकते हैं ।

129. **किनका जीवन अभिशाप बन जाता है ?**
(1) जो शिकायतें ही करते रहते हैं ।
(2) जो अप्रिय घटनाओं से जूझने को तैयार नहीं रहते ।
(3) जो ज़िंदगी में धूप–छाँव के सिद्धांत को मानते हैं ।
(4) जो सदा सन्मार्ग पर चलते हैं ।

130. **लेखक मानता है कि कठिनाइयों का वास्तविक प्रयोजन है –**
(1) हमें तोड़ना – गिराना
(2) हमारे मार्ग में रुकावटें पैदा करना
(3) हमारा दृष्टिकोण बदलना
(4) हमें सुदृढ़ करने का माध्यम बनना

131. **लेखक के अनुसार यह असंभव है कि –**
(1) किसी के जीवन में सदा सुख ही सुख रहें ।
(2) बिना अड़चन के कार्य होते चले जाएँ ।
(3) संघर्षों के बाद हम आनंदों से वंचित रह जाएँ ।
(4) फूलों के साथ काँटे न मिलें ।

132. **लेखक का कथन है कि आरंभिक स्तर की असमानता के होते हुए भी भीतरी भाव से –**
(1) सब लोग एक–सा सोचते हैं ।
(2) मनुष्य विषयों की ओर भागता है ।
(3) एक – दूसरे में कोई भिन्नता नहीं होती ।
(4) हमें कौशलों और जानकारियों का उपयोग करना होता है ।

133. **'निष्क्रिय' शब्द के लिए सबसे उपयुक्त विपरीतार्थक शब्द होगा –**
(1) क्रियाहीन
(2) सक्रिय
(3) कार्यशील
(4) सकर्मक

134. **अन्य व्यक्तियों की मानसिक तरंगों में परिवर्तन करना संभव है –**
(1) उसे सुझाव देकर ।
(2) उसे समझाकर कि सुख–दु:ख अभिन्न हैं ।
(3) उसके प्रति सहानुभूति प्रदर्शित करके ।
(4) अपनी शुभ और पवित्र भावना के द्वारा ।

135. **'ज़िंदगी में धूप–छाँव के सिद्धांत को मानने वाले फूलों के साथ काँटों की शिकायत नहीं करते' – क्योंकि वे जानते हैं कि –**
(1) सुखों के साथ दु:ख भी आते हैं ।
(2) दैनिक कार्य संपन्न होते रहते हैं ।
(3) अप्रत्याशित घटनाओं से जूझना ही पड़ता है ।
(4) शिकायत करना कोई अच्छी आदत नहीं ।

**निर्देश – नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :**

136. **दीप्ति ने आठवीं कक्षा के बच्चों को समान भाव वाली कविता खोज कर सुनाने के लिए कहा । इसका प्रमुख कारण है –**
(1) बच्चों को समान भाव का अर्थ समझाना ।
(2) बच्चों की श्रवण–प्रक्रिया का आकलन करना ।
(3) बच्चों का मनोरंजन करने का निर्वहन ।
(4) बच्चों के बोध स्तर का आकलन करना ।

137. **राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 भाषा को बच्चे के _____ का सबसे समृद्ध संसाधन मानती है ।**
(1) अस्मिता
(2) व्यक्तित्व
(3) व्यवसाय
(4) भाषा

138. **इनमें से कौन–सा शब्द शब्दकोश में सबसे पहले आएगा ?**
(1) सिम्त
(2) सिरजती
(3) सिलसिला
(4) सीरत

139. **कक्षा छह में कविता–शिक्षण के दौरान _____ सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ।**
(1) भिन्न–भिन्न शब्द प्रयोग
(2) भिन्न–भिन्न भाव भूमि
(3) भिन्न–भिन्न समास
(4) भिन्न–भिन्न छंद

**140. भाषा स्वयं में एक _____ व्यवस्था है।**

(1) सरल
(2) जटिल
(3) नियमबद्ध
(4) तार्किक

**141. नाटक और एकांकी पढ़ने-पढ़ाने के दौरान सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है –**

(1) उच्चारणगत शुद्धता
(2) नाटक के शास्त्रीय तत्त्व
(3) मौन पठन
(4) संवाद अदायगी

**142. कक्षा आठ के लिए साहित्य का चयन करते समय आप किस तत्त्व को सर्वाधिक महत्त्व देंगे / देंगी ?**

(1) परी-कथा
(2) राजा-रानी
(3) रहस्य-रोमांच
(4) पशु-पक्षी

**143. कक्षा सात में हिंदी भाषा के आकलन की दृष्टि से सबसे कम प्रभावी है –**

(1) प्रश्न-निर्माण
(2) अवलोकन
(3) बातचीत
(4) श्रुतलेख

**144. भाषा सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को रोचक और सोद्देश्यपूर्ण बनाने में सर्वाधिक प्रभावी है**

(1) कक्षा के प्रिंट समृद्ध परिवेश का उपयोग
(2) पाठ्य-पुस्तक के अभ्यास
(3) कहानी, कविता की पंक्तियाँ देखकर लिखना
(4) टी.वी. धारावाहिकों के नाम लिखना

**145. 'उन विज्ञापनों को इकट्ठा कीजिए जो हाल ही के ठंडे पेय पदार्थों से जुड़े हैं। उनमें स्वास्थ्य और सफ़ाई पर दिए गए ब्यौरों को छाँटकर देखें कि हकीकत क्या है ?' यह प्रश्न –**

(1) बाहर की दुनिया और कक्षा को जोड़ता है।
(2) बच्चों के लिए बहुत जटिल है।
(3) बच्चों को ठंडे पेय पीने की प्रेरणा देता है।
(4) बाहर की दुनिया को अत्यधिक महत्त्व देता है।

**146. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा-शिक्षण का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है –**

(1) व्याकरण के नियम सिखाना व प्रयोग करवाना।
(2) विभिन्न कार्यक्षेत्रों से जुड़ी प्रयुक्तियों से परिचित कराना।
(3) समस्त हिंदी साहित्यकारों से परिचित कराना।
(4) समस्त अहिंदी साहित्यकारों से परिचित कराना।

**147. हिंदी भाषा का आकलन करने के संदर्भ में वे प्रश्न अपेक्षाकृत बेहतर होते हैं –**

(1) जो बच्चों की कल्पना, सृजनशीलता को बढ़ावा देते हैं।
(2) जो बच्चों को सुंदर लेखन के लिए प्रेरित करते हैं।
(3) जिनके उत्तर जटिल व दीर्घ होते हैं।
(4) जिनके उत्तर तयशुदा होते हैं।

**148. एक व्यक्ति ने पूछ लिया – "कैसा है वह मुरलीवाला, मैंने तो उसे नहीं देखा ! क्या वह पहले खिलौने भी बेचा करता था ?" एक पाठ का यह अंश पढ़ने के दौरान _____ के विशिष्ट संदर्भ में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है।**

(1) उच्चारण (2) अवबोध
(3) अनुतान (4) लिखने

**149. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों की सृजनात्मक अभिव्यक्ति की दृष्टि से कौन-सा प्रश्न सर्वाधिक प्रभावी है ?**

(1) खानपान के मामले में स्थानीयता का क्या अर्थ है ?
(2) खानपान में बदलाव के कौन-से फायदे हैं ?
(3) लेखक खानपान में बदलाव को लेकर चिंतित क्यों है ?
(4) घर में बातचीत करके घर में बनने वाले पकवानों के बनने की प्रक्रिया बताइए।

**150. भाषा सीखने और भाषा अर्जित करने में अंतर का मुख्य आधार है –**

(1) भाषा की जटिलता
(2) भाषा का सौंदर्य
(3) भाषा का परिवेश
(4) भाषा की प्रकृति

**SPACE FOR ROUGH WORK**

**रफ कार्य के लिए जगह**

**READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY:**

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue/Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet / Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/ room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/ rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against them including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his / her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/ Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic / Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Hall / Room.** ***The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :**

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें ।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
5. परीक्षा पुस्तिका / उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाज़िरी-पत्र में लिखें ।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी । इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए ।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्वीच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए । इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित ।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं हाज़िरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाज़िरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा । **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान हाज़िरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक / हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
14. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल / कक्ष छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें । परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।**